नई दिल्ली
सोमवार
20 मई, 2024
वर्ष: 10, अंक: 258
पृष्ठ: 08, मूल्य 2 रु0
E-mail
story@sadbhawna.today
sadbhavnatoday@gmail.com
web: www.sadbhawna.today

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# सद्भावना टुडे

आवाज़ अधिकार की



पांचवें चरण की दो सीट पर राजग और दो पर इंडिया...पेज-05


DELHIN/2014/58158

मुझे किसी के अनुमोदन या आश्वासन की जरूरत...पेज-07

हिन्दी में प्रकाशित होने वाला सबसे लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र
'सद्भावना टुडे'
में विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :-
011-43678240
E-mail
story@sadbhawna.today
sadbhavnatoday@gmail.com
web: www.sadbhawna.today

# कांग्रेस और झामुमो ने भ्रष्टाचार से नोटों के अंबार खड़े किए हैं: नरेंद्र मोदी

**घाटशिला,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस, झामुमो और राजद पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और झामुमो ने भ्रष्टाचार से नोटों के अंबार खड़े किए हैं। प्रधानमंत्री ने आज झारखंड के जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के घाटशिला के मऊभंडार स्थित ताम्र प्रतिभा मंच मैदान में भाजपा उम्मीदवार विद्युत वरण महतो के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे नक्सलियों और माओवादियों की भाषा बोल रहे हैं। ये पार्टियां नक्सलियों एवं माओवादियों की तरह उद्योगपतियों से उगाही करतीं हैं। श्री मोदी ने कहा कि लोकसभा का चुनाव देश के भविष्य को सशक्त बनाने, वर्तमान पीढ़ी और आने वाली पीढ़ियों का भी उज्ज्वल भविष्य तय करने का चुनाव है।उन्होंने कहा कि चुनाव में उद्योगों, लघु उद्योगों की बात होनी चाहिए कि नहीं होनी चाहिए, राष्ट्रीय सुरक्षा, कृषि एवं वनोजपज की बात चुनाव में होनी चाहिए कि नहीं होनी चाहिए, युवाओं के लिए अवसर, राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बात होनी चाहिए कि नहीं।



उन्होंने कहा कि विरोधी दलों को इन सबसे कुछ मतलब नहीं है। इन्हें विकास का क, ख, ग, घ भी नहीं मालूम। इनका तरीका है झूठ बोलो, जोर से बोलो,बार-बार बोलो,इधर भी बोलो, उधर भी बोलो। उन्होंने इनके मुद्दे भी गिनाए और कहा कि वे लोग गरीब की संपत्ति का एक्स-रे करेंगे। एसटी, एससी का आरक्षण छीनेंगे। मोदी को रोज-रोज गालियां देंगे श्री मोदी ने कहा कि इंडी अलायंस वाले आपसे झूठ बोलते हैं.श। इनकी सच्चाई पूरा देश जान गया है।उन्होंने कहा कि पूरा हिंदुस्तान कह रहा है- फिर एक बार- मोदी सरकार।कहा कि झारखंड खनिज संपदा के मामले में इतना अमीर है कि आप कल्पना नहीं कर सकते। फिर भी यहां इतनी गरीबी क्यों है। आज झारखंड का नाम सुनते ही कौन सा दृश्य सामने आता है।एक ही दृश्य सामने आता है- नोटों के ढेर। झारखंड सुनते ही नोटों के पहाड़ देखने को मिलते हैं। श्री मोदी ने राष्ट्रीय जनता दल का जिक्र करते हुए कहा कि नौकरी के बदले गरीब से जमीन लिखवा ली। झामुमो ने वही आदतें, वही चरित्र कांग्रेस और आरजेडी से सीखी है। उन्होंने झारखंड में जमीन घोटाला किया।इनलोगों ने किसकी जमीनें हड़पीं।गरीब आदिवासी की जमीन हड़पी। सेना की जमीन तक हड़पने की कोशिश की। मैं पूछता हूं कि इनके घरों से जो नोटों के पहाड़ बरामद हुए हैं, वो पैसे किसके हैं? श्री मोदी ने कहा कि इन पैसों के मालिक आप हैं। आपके बच्चों का पैसा है।भोले-भाले आदिवासी भाई-बहनों का पैसा है।दलितों, पिछड़ों का पैसा है, जिसे इन्होंने लूटा है। उन्होंने कहा कि क्या ये लोग अपनी इस काली कमाई में से एक भी रुपया आपके बच्चों को देते? उन्होंने कहा कि इनकी सोच है कि करोड़ों-अरबों कमाओ, वकील को मनचाही फीस देकर अदालत से बरी हो जाओ। फिर तो मौज ही मौज है। लेकिन मोदी ऐसा नहीं होने देगा। कहा कि ये जो नोटों के पहाड़ मैं पकड़ रहा हूं, मैं आपको गारंटी देता हूं कि ये पैसे सरकार के खजाने में नहीं जाएंगे। मैं पता लगाऊंगा कि ये पैसे किसके थे।उन्हें क्यों देने पड़े, जब साबित हो जाएगा कि पैसा किसका है, तो वह पैसा उसको दे दिया जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि देश की प्रगति के लिए उद्योग जरूरी है।जमशेदपुर का तो नाम ही जमशेदजी टाटा के नाम पर है लेकिन कांग्रेस पार्टी के लोग कहते हैं कि जो कारोबारी उनको पैसा नहीं देते, वे उन पर हमला करते हैं।कहा कि कांग्रेस, झामुमो को सिर्फ भ्रष्टाचार और वसूली से मतलब है, उद्योग से नहीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं आज आदिवासी भाई-बहनों के बीच और उद्योग की धरती पर खड़ा हूं।मैं कांग्रेस और उसके साथियों को पूछना चाहता हूं कि जहां-जहां उनकी सरकारें हैं, उन मुख्यमंत्रियों से पूछता हूं कि उनके शहजादे उद्योगों और उद्योगपतियों का विरोध करते हैं।निवेश का विरोध करते हैं।आने वाले दिनों में कौन उद्योगपति उनके राज्य में जाकर पूंजी निवेश करेगा।उन राज्यों के नौजवानों का क्या होगा?। जो लोग चुनाव लड़ने के लिए हमारे सामने हैं, क्या वे शहजादे की भाषा को मान्यता देते हैं। सारे निवेशक कह रहे हैं कि हम इन राज्यों में नहीं जाएंगे, क्योंकि वहां तो हमारी विरोधी विचारधारा के लोग हैं।

# लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की तैयारियां पूरी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** लोक सभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 49 संसदीय सीटों और ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर सोमवार को सुचारु रूप से मतदान कराने के लिये आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। चुनाव आयोग ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जायेगा और कुछ मतदान केन्द्रों में मतदान समाप्त होने की समय सीमा में परिवर्तन हो सकता है। इस चरण में 49 लोकसभा सीटों पर 695 उम्मीदवारों और ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर उतरे 265 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। ओडिशा विधानसभा की 147 सीटों में से पहले चरण में 13 मई को 28 सीटों पर मतदान हो चुका है।

चुनाव आयोग ने मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये हैं। साथ ही मुख्य चुनाव अधिकारियों एवं जिला चुनाव अधिकारियों को भीषण गर्मी और लू जैसे हालात को देखते हुये उचित प्रबंधन करने के लिये पर्याप्त उपाय करने की सलाह दी गयी है। चुनाव कर्मियों को मशीनों और सामग्री के साथ उनके संबंधित मतदान केंद्रों के लिये रवाना कर दिया गया है। साथ ही यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये हैं कि मतदान आरामदायक और सुरक्षित वातावरण में हो।

**मतदान आज**




मतदान केंद्र पर पर्याप्त छाया, पेयजल, रैंप, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधायें हों। आयोग ने मतदाताओं से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर आने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है। आयोग की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार आठ राज्य / केंद्र-शासित प्रदेशों की कुल 49 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 8.95 करोड़ मतदाता 94,732 मतंदान केंद्रों पर वोट डाल कर 695 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला तय कर सकेंगे। इनमें 4.69 करोड़ पुरुष तथा 4.26 करोड़ महिला और 5409 उभयलिंगी मतदाता अपने मताधिकार शामिल हैं। इस चरण की 49 संसदीय सीटों में सामान्य श्रेणी की 39, अनुसूचित जनजाति तीन और अनुसूचित जाति की सात सीटें हैं। ओडिशा विधानसभा की 35 सीटों में सामान्य श्रेणी की 21, अनुसूचित जनजाति के लिये आठ और अनुसूचित जाति की छह सीटें हैं।

## एक नजर


### डॉ. रेड्डी की जयंती के अवसर पर उन्हें याद किया गया

**नई दिल्ली,एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और देश के छठे राष्ट्रपति डॉ. नीलम संजीव रेड्डी की जयंती के अवसर पर रविवार को उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। लोकसभा के दो बार अध्यक्ष रहे डा. रेड्डी को लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह, राज्य सभा के महासचिव पी.सी. मोदी तथा लोक सभा और राज्य सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर डॉ. नीलम संजीव रेड्डी के जीवन परिचय के बारे में लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित एक पुस्तिका गणमान्य व्यक्तियों को भेंट की गई।

### मोदी ने देश की अर्थ व्यवस्था को नष्ट कर दिया: राहुल

**प्रयागराज,एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश की अर्थव्यवस्था को खत्म करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इन्होंने देश के 22 लोगों को करोड़पति बनाया है। समाजवादी पार्टी और कांगेस गंठबंधन की संयुक्त रूप से रविवार को प्रयागराज के इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र करछना में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्री मोदी ने देश के 22 लोगों को अरबपति बनाया है इंडिया गठबंधन देश के हर गरीब घर से एक महिला के खाते में हर महीने आठ हजार पांच सौ रूपए डालकर करोड़पति बनाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा आज संविधान खतरे में हैं और उसे हर हाल में बचाना होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्व्यं सेवक संघ (आरएसएस) इसपर हमला बोल रहा है। अम्बेडकर जी का संविधान, महात्मा गांधी का संविधान, जवाहरलाल नेहरू और हिन्दुस्तान के संविधान को कोई भी शक्ति को पार करने की हिम्मत किसी में नहीं है। श्री गांधी ने कहा कि हिन्दुस्तान की अर्थ व्यवस्था को नरेन्द्र मोदी ने खत्म किया। इंडिया गइबंधन की सरकार आपके खाते में आठ हजार पांच सौ रूपए डालने का कार्य करेगी। अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में फेंकने का कार्य किया जाएगा। मनरेगा में मजदूरों को 200 रूपया दिहाडी मिलती है उसे बढ़ाकर हम 400 रूपए करेंगे। आंगनबाडी महिलाओं को दोगुनी आमदनी देंगे1 उन्होंने कहा कि किसानों के लिए गन्ना, कपास, आलू आदि पर किसानों को पहली बार न्यूनतम समर्थन मूल्य और कर्जा माफ करने का कार्य करेगी। बेरोजगार ग्रेजुएट के बैंक खाते में साल के एक लाख रूपए के साथ रोजगार के लिए लोगों को दक्ष बनाने के लिए ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

# गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में उमड़ पड़ी तीर्थयात्रियों की भीड़



**देहरादून,एजेंसी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद स्थित श्री मां गंगोत्री एवं मां यमुनोत्री धाम की तरफ रविवार को अभूतपूर्व रूप से बड़ी संख्या में तीर्थयाात्रियों का रेला उमड़ पड़ा। वर्तमान समय में जिला मुख्यालय उत्तरकाशी तथा भटवाड़ी क्षेत्र में वर्षा हो रही है। यमुनोत्री धाम में भी हल्की बूंदाबांदी हो रही है एवं गंगोत्री धाम व अन्य तहसील क्षेत्रों में बादल छाए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, आज अपराह्न 2 बजे तक गंगोत्री धाम में दस हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे और विभिन्न जगहों से लगभग अट्ठाईस हजार यात्री गंगोत्री धाम की तरफ बढ रहे हैं। यमुनोत्री धाम में भी दो बजे तक तक साढे आठ हजार लोगों ने दर्शन कर लिया था और लगभग बीस हजार लोग विभिन्न पड़ावों से यमुनोत्री मार्ग पर आगे बढ रहे हैं। तीर्थयात्रियों की भारी तादाद में आगमन को देखते हुए प्रशासन ने सतर्कता और मुस्तैदी बढाते हुए सभी यात्रा व्यवस्था से जुड़े सभी अधिकारियों को धामों एवं यात्रा रूटों पर उतार दिया है। भीड़ को देखते हुए यात्रा मार्गों व पड़ावों पर यात्री सुविधाओं को बढाया जा रहा है और सुरक्षा व्यवस्था तथा ट्रैफिक संचालन को नियंत्रण में बनाए रखने के लिए सभी एहतियाती उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

जिला प्रशासन ने दावा किया है कि रिकार्ड संख्या में तीर्थयात्रियों के आगमन के बावजूद, यात्रा सुचारू और सुव्यस्थित रूप से संचालित हो रही है। वाहनों का आवागमन भी व्यवस्थित रूप से हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, आज 2 बजे अपराह्न तक गंगोत्री धाम में 1100 वाहन एवं 9900 यात्री मौजूद थे। इसी तरह दोपहर में यमुनोत्री धाम व इसके पैदल मार्ग पर भी लगभग 8500 तीर्थयात्री मौजूद थे। जबकि यमुनोत्री के आखिरी पड़ाव जानकीचट्टी-खरसाली में भी लगभग 500 वाहन और 4500 श्रद्धालु हैं।

# आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए मोदी का प्रधानमंत्री बनना जरूरी: अमित शाह

**जौनपुर,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए श्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना जरूरी है। जिले में मछलीशहर (सुरक्षित) लोकसभा क्षेत्र में मड़ियाहूं विधानसभा के रामलीला मैदान में भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद बीपी सरोज के लिये वोट की अपील करते हुये श्री शाह ने कहा कि श्री मोदी ने देश के अर्थतंत्र को 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर लाया है। यह चुनाव भारत को विश्व का तीसरा अर्थ तंत्र बनाना है, आतंकवाद से मुक्त करना है और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देना है।



उन्होंने कहा कि इस बार नरेंद्र मोदी 400 सीटों से बहुत आगे निकल रहे हैं। यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा 70 साल से कांग्रेस राम मंदिर के मसले को भटका रही थी, लटका रही थी आपने दूसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हुई। सोनिया गांधी, सपा मुखिया अखिलेश यादव, राहुल बाबा और प्रियंका गांधी को निमंत्रण दिया लेकिन यह लोग प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आए क्योंकि यहां आएंगे तो इनको एक समुदाय विशेष का वोट नहीं मिलेगा। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह लोग तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। यह कश्मीर हमारा है या नहीं उत्तर प्रदेश और राजस्थान वालों का कश्मीर से क्या लेना देना यह कहते थे लेकिन मड़ियाहूं का बच्चा-बच्चा मेरे कश्मीर के लिए जान देने को तैयार है। श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस कश्मीर में धारा 370 को हटाने के खिलाफ थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 370 हटाई पूरे कश्मीर में आज हमारा तिरंगा शान से लहरा रहा है। मोदी ने देश को आतंकवाद से मुक्त कर दिया। सोनिया और मनमोहन की सरकार में आतंकी घुस जाते थे और धमाके करते थे।

# जजपा विधायक बबली ने कांग्रेस को दिया समर्थन

**फतेहाबाद,एजेंसी।**

जननायक जनता पार्टी (जजपा) विधायक व पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने रविवार को कांग्रेस पार्टी के समर्थन का एलान कर दिया। फतेहाबाद जिला के टोहाना में हुए कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन में उन्होंने इशारों में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि चूंकि वह एक पार्टी के विधायक हैं, इसलिए स्पष्ट तौर पर नहीं कह सकते। इसके बाद उनके समर्थकों ने लोकसभा चुनाव में सिरसा में काँग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा को समर्थन की घोषणा की। श्री बबली ने पिछले महीने पार्टी छोड़ने का संकेत दिया था। वर्ष 2019 में काँग्रेस का टिकट न मिलने पर उन्होंने टोहाना से जजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। आरोप है कि उस समय अशोक तंवर, जो अब सिरसा से भाजपा प्रत्याशी हैं, के कारण उन्हें काँग्रेस का टिकट नहीं मिला था।

# पांचवे चरण तक इंडिया गठबंधन की हवा निकल चुकी है: योगी

**संजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार**

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चुनाव के पांचवे चरण तक पहुंचते पहुंचते इंडिया गठबंधन की हवा निकल गयी है और विपक्ष के नेता निश्चित हार को देख कर बुरी तरह बौखलाये हुये हैं। आजमगढ़ लोकसभा के मेहनगर विधानसभा क्षेत्र और लालगंज लोकसभा के फूलपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये श्री योगी ने कहा कि आज गुंडे और माफिया प्रदेश से पलायन कर गए है।



कोई माफिया किसी गरीब की झोपड़ी नहीं उजाड़ सकता। जिस आजमगढ़ का नाम आतंकवाद के नाम पर बदनाम था, आज उसका नाम पूरे देश में गर्व के साथ लिया जा रहा है। यहां एक्सप्रेसवे बना, हवाई अड्डा बना, राज्य विश्वविद्यालय बना, संगीत महाविद्यालय बना। इसके अलावा रेलवे का विकास व जिले की सभी सड़के बेहतरीन हो गई । इन विकास कार्यों को देखकर विपक्ष के लोग परेशान है । जो लोग इस जिले को अपना गढ़ समझते थे, वह बौखला गए हैं। उन्होने विपक्षियों खास कर समाजवादी पार्टी को जमकर ललकारा और कहा कि चार चरण के चुनव संपन्न हो गया है। पांचवा कल संपन्न होगा और छठे चरण में आजमगढ़ की जनता जर्नादन को भी अपना प्रतिनिधि चुनना है तो, चार चरणो के चुनाव के परिणाम व रूझान इस बात को बताते है कि विपक्ष के अंदर मची खलबली बौखलाहट, उनकी हार को स्पष्ट प्रदर्शित करता है। पूरे देश के अंदर एक आवाज आ रही है एक ही भाव सर्वत्र दिखाई दे रहा है वह है फिर एक बार मोदी सरकार । अबकी बार चार सौ पार। चार सौ पार की बात होती है तो कांग्रेस, सपा और बसपा की हालत खराब होती है। उनके चेहरे की हवा उड़ जाती है। फिर पूछते है चार सौ पार कैसे होगा। तो जनता की ओर से आवाज आती है जो राम को लाए है हम उनको लाएंगे। योगी ने कहा कि यह चुनाव राम भक्तों और रामद्रोहियों के बीच में जाकर सिमट गया है। जिन लोगों ने आपके सामने पहचान का संकट खड़ा किया था ,जिन्होने राष्ट की सुरक्षा में सेंध लगाई, जिन्होने हमारे आराध्य देवों को अपवित्र करने का कुत्सीक प्रयास किया था। जिन लोगों ने विकास को बाधित किया था। उनको जबाव देने का सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने कहा कि आजमगढ में इसलिए आया हूं कि निरहुआ ने मात्र दो वर्ष के अंदर आजमगढ़ की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए पूरा प्रयास किया जो यहां दिखाई भी देता है। आजमगढ में फोर लेन व टू लेन की कनेक्टविटी है। आजमगढ में महाराजा सुहेलदेव के नाम पर विश्वविद्यालय भी बन गया है संगीत महाविद्यालय का निर्माण हो रहा है, एयरपोर्ट का निर्माण हो गया है और अब आजमगढ़ को शक और अविश्वास की नजरों से नहीं देखते। बल्कि आजमगढ़ की पहचान भोजपुरी के सुपर स्टार निरहुआ के संसदीय क्षेत्र के रूप में होते है।

# मिनिस्ट्री मिलती है तो इंडस्ट्री छोड़ने के बारे में सोच सकती हूं: कंगना रनौत

**मंडी,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय क्षेत्र की भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत आए दिन अपनी बयानबाजी को लेकर चर्चा में रहती हैं। कंगना मंडी में युद्ध स्तर पर चुनाव प्रचार कर रही हैं।

कंगना ने पहली बार पत्रकारों से भी बातचीत में कहा, यदि उन्हें पार्टी में कोई राष्ट्रीय स्तर का पद या मिनिस्ट्री मिलती है तो वह इंडस्ट्री छोड़ने के बारे में सोच सकती हैं। लेकिन अभी तो सिर्फ मंडी के ही विकास के बारे में सोच रही हूं। मेरे बहुत से प्रोजेक्ट्स पेंडिंग है। मेरी अगली फिल्म इमरजेंसी आने वाली है। कई ऐसी फ़िल्में है जिन्हे में अधूरा छोड़ कर आई हूं लेकिन मेरे लिए यह रोल भी महत्त्वपूर्ण है।




कंगना का कहना है, मुझे लगता है कि मुझे जो इतने सारे पुरस्कार मिले हैं, चाहे वह राष्ट्रीय पुरस्कार हों या पद्मश्री, अगर आने वाले समय में मुझे एमपी ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिलेगा, तो मुझे बहुत खुशी होगी। हमारी पार्टी में, हमारे वादों, मोदी की गारंटी को बहुत गंभीरता से लिया जाता है, मुझे नहीं लगता कि अन्य पार्टियों में इस तरह के सख्त प्रोटोकॉल हैं जो हमारे पास हैं। कंगना ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के उस बयान पर भी कटाक्ष किया जिसमें श्री सुक्खू ने कहा था कि कंगना यहां दो महीनों की शूटिंग के लिए आई है। उन्होंने कहा कि यह बयान श्री सुक्खू और कांग्रेस की महिला विरोधी सोच को दर्शाता है। भाजपा ने महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया और अब लोकसभा व विधानसभा में भी 33 प्रतिशत आरक्षण दे रही है लेकिन कांग्रेस सिर्फ परिवारों को ही बढ़ावा दे रही हैं। आज भी मंडी से परिवार विशेष को ही टिकट दिया गया है।

# सड़क पर बैठे आप विधायक व मंत्री, सीएम केजरीवाल बोले- ये बीजेपी की नैतिक और राजनीतिक हार

**मो. हबीबुल्लाह उर्फ मुन्ना, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ पार्टी के सभी मंत्री, विधायक और पार्षदों ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। इस दौरान केजरीवाल ने कहा था कि 30 मिनट तक बैठेंगे अगर गिरफ्तारी नहीं हुई तो भाजपा की हार होगी। पुलिस ने इस बार किसी को हिरासत में भी नहीं लिया। प्रदर्शन खत्म होने पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि यह भाजपा की नैतिक और राजनीतिक हार है। दरअसल, मुख्यमंत्री केजरीवाल पार्टी के मंत्रियों, विधायकों और पार्षदों के साथ भाजपा मुख्यालय जाने के लिए पार्टी ऑफिस से निकले। लेकिन दिल्ली पुलिस ने पार्टी कार्यालय के पास ही बैरिकेडिंग कर रास्ता बंद कर दिया। ऐसे में मुख्यमंत्री केजरीवाल अपने मंत्रियों के साथ सड़क पर बैठ गए। दिल्ली पुलिस की ओर से लगातार अनाउंस किया जाता रहा कि धारा 144 लागू है, इस जगह को खाली कर दें अन्यथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कुछ देर बाद मुख्यमंत्री अपने मंत्रियों के साथ सड़क से उठकर पार्टी कार्यालय में चले गए, इसके बाद प्रदर्शन समाप्त हो गया।



एकजुट लेकिन नहीं हुई गिरफ्तारी- आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए जो काम किस्तों में कर रही थी, उसे आसान करने के लिए सारे विधायक, मंत्री खुद मौजूद हैं। भाजपा सबको एक साथ गिरफ्तार करके आजमाइश कर ले की क्या आप की विचारधारा मिट्टी में मिल जाती है। 30 मिनट में गिरफ्तारी नहीं हुई है। इससे पूरे देश में भाज पार्टी की नैतिक और राजनीतिक पराजय का संदेश गया। स्वाति मालीवाल के मामले से पार्टी को कितना नुकसान हो सकता है। इस पर दिलीप पांडे ने कहा कि हर बार भाजपा की साजिशों का कोई न कोई चेहरा होता है। इस बार वह चेहरा स्वाति मालीवाल बनी हैं। हर बार वह अपने षडयंत्रों में नाकाम हुए हैं। इस बार भी वो अपने षड्यंत्र में नाकाम होगी। डरा कर चुनाव जीतना चाहते हैं मोदी- आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने कहा कि बीजेपी हमारे मंत्रियों को गिरफ्तार करने की कितनी मशक्कत कर रही है। यहां तक कि मुख्यमंत्री को भी जेल में डाल दिया। आखिर इतना डर क्यों है। हम लोग एक साथ गिरफ्तारी देने के लिए आए, लेकिन गिरफ्तार नहीं कर रहे हैं। बीजेपी आम आदमी पार्टी को बदनाम करने के लिए रोज कीचड़ उछालती है। सब नेता जेल में बंद हो जाएंगे तो जनता अपने आप जवाब दे देगी। देश की जनता तानाशाही बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रधानमंत्री मोदी यदि डरा कर चुनाव जीतना चाहते हैं तो यह नहीं होगा। डर गईं स्वाति मालीवाल- विधायक संजीव झा ने कहा कि यह लड़ाई हम जिनसे लड़ रहे हैं वह बहुत ताकतवर हैं। उनके पास बहुत संसाधन हैं। हमारा एक मंत्री रात में तारीफ करता है। वह इसलिए बदल रहा है, क्योंकि उसे डराया गया। वह उतनी मजबूती से लड़ नहीं पाया। स्वाति मालीवाल भी डर गई होगी। यह बड़ी लड़ाई है। यह लड़ाई सबके बस की नहीं है। राजनीतिक कैलकुलेशन वाले लोग आम आदमी पार्टी की लड़ाई नहीं लड़ सकते हैं।

# सरकारी और निजी स्कूलों में फेल हुए बच्चों को उसी स्कूल में फिर से दाखिले का अधिकार

**सैफुल्लाह सिद्दीकी, सद्भावना टुडे**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में कुछ बच्चों को फेल करने की शिकायतें आ रही हैं। जिन स्कूलों ने इन्हें फेल किया है वह स्कूल अब बच्चों से सरकारी स्कूल में दाखिला लेने या ओपन से पढ़ाई करने के लिए कह रहे हैं। इसको लेकर सामाजिक संस्था सोशल जरिस्ट के संयोजक एवं दिल्ली हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉक्टर अशोक कुमार अग्रवाल के पास कई शिकायतें आई हैं।

इन शिकायतों को लेकर अशोक अग्रवाल का कहना है कि कोई भी सरकारी या प्राइवेट स्कूल किसी भी फेल हुए बच्चे को दोबारा उसी कक्षा में अपने स्कूल में दाखिला देने से इनकार नहीं कर सकता है। अगर वह ऐसा करता है तो यह दिल्ली एजुकेशन एक्ट 1973 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लंघन है। उल्लंघन करने पर स्कूल के खिलाफ शिक्षा निदेशालय द्वारा कार्रवाई भी हो सकती है। साथ ही बच्चों के अभिभावकों को कोर्ट जाने का भी अधिकार है। डॉ. अशोक अग्रवाल ने बताया कि चार साल पहले दिल्ली सरकार ने एक सर्कुलर निकला था, जिसमें यह कहा गया था कि दिल्ली के सरकारी स्कूल में कोई भी बच्चा अगर लगातार 2 साल फेल हो जाता है तो उसको फिर रेगुलर उस कक्षा में दाखिला नहीं दिया जाएगा। वह बच्चा आगे की पढ़ाई ओपन स्कूल से कर सकता है। अग्रवाल ने बताया कि दिल्ली सरकार के सर्कुलर को हमने हाईकोर्ट में चार साल पहले स्टे करा दिया था। इससे अब दिल्ली सरकार का वह आदेश जिसमें दो बार फेल होने के बाद स्कूल से बाहर करने की बात कही गई थी, स्टे होने से लागू नहीं है। इसलिए अब कोई बच्चा दो बार से ज्यादा भी अगर फेल हो रहा है तो भी स्कूल उसको स्कूल छोड़ने के लिए नहीं कह सकते। स्कूल को रेगुलर रूप से ही बच्चे को पढ़ाना होगा। डॉ अशोक अग्रवाल ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कोई भी सरकारी या प्राइवेट स्कूल नर्सरी से लेकर चौथी क्लास तक और छठी व सातवीं क्लास तक भी किसी बच्चे को फेल नहीं कर सकता। अगर बच्चे का प्रदर्शन ज्यादा ही कमजोर है तो स्कूल उसे सिर्फ पांचवीं और आठवीं क्लास में ही फेल कर सकते हैं। इसके बाद फेल हुए बच्चे को स्कूल को उसी कक्षा में दाखिला भी देना होगा। डॉ अशोक अग्रवाल ने बताया कि उनके पास इंडियन हाइट्स स्कूल द्वारा एक पांचवीं क्लास के बच्चे को फेल करने की शिकायत आई है। इसके अलावा और भी कई सरकारी और प्राइवेट स्कूलों से इस तरह की शिकायतें आई हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह की सैकड़ों शिकायतें हर साल आती हैं।

# साइड न देने पर गुस्साए तीन दोस्तों ने कार सवार युवक को पीटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली-गुरुग्राम हाईवे पर साइड न देने पर तीन दोस्तों ने एक कार सवार युवक को जमकर पीटा। आरोपी पीड़ित को बेहोश हो जाने तक पीटते रहे और बाद में फरार हो गए। बाद में जब पीड़ित को होश आया तो राहगीरों की मदद से मामले की सूचना पुलिस को दी। वसंत कुंज थाना पुलिस ने पीड़ित को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया और उसके बयान पर 15 मई को केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद ले रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित 34 वर्षीय संदीपन राय अपने परिवार के साथ महावीर एन्क्लेव, डाबड़ी इलाके में रहते हैं। पीड़ित गूगल में नौकरी करते हैं। पुलिस को दिए बयान में उन्होंने बताया कि 13 मई की सुबह वह अपने आफिस गुरुग्राम जाने के लिए गाड़ी से निकले थे। महिपालपुर इलाके में दिल्ली-गुरुग्राम हाईवे पर उनके पीछे एक तेज रफ्तार कार आ रही थी। लंबे समय से वह उनके पीछे थे। गाड़ी में सवार लोग हॉर्न बजा रहे थे, लेकिन आगे साइड नहीं मिलने के चलते वह आगे नहीं निकल पा रहे थे। कुछ देर में उन लोगों ने तेजी से ओवरटेक कर अपनी गाड़ी आगे निकाली और फिर पीड़ित की गाड़ी के आगे लगा दी। आरोपी अपनी गाड़ी से उतरे और पीड़ित को जबरन गाड़ी से बाहर निकाल लिया। आरोपियों ने बीच सड़क पर पीड़ित की पिटाई शुरू कर दी। पीड़ित ने अपने बयान में बताया कि आरोपियों के पास कोई हथियार था, जिससे उन्होंने उनके सिर पर वार किया और वह बेहोश हो गए।

# केजरीवाल के अंदर आंदोलन करने का आत्मबल नहीं बचा है: मिश्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा भाजपा मुख्यालय के घेराव को लेकर दिल्ली भाजपा उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा ने केजरीवाल पर कटाक्ष किया है। कपिल मिश्रा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के आह्वान पर भी महज 200 से 300 लोग विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल अपने कार्यालय से निकले, 5 मिनट धूप में खड़े हुए और भाग गए। अब यह बात स्पष्ट हो गई है कि अरविंद केजरीवाल के अंदर आंदोलन करने का आत्मबल भी नहीं बचा है। वह कमजोर और डरपोक हो गए हैं। कपिल मिश्रा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने ऐलान किया था कि मैं भाजपा के मुख्यालय जाऊंगा। मुझे गिरफ्तार कर लेना। लेकिन 5 मिनट में ही पैर कांपने लगा। 5 मिनट में ही उल्टे पांव भाग गए। पुलिस ने रोकने की कोशिश भी नहीं की और भाग गए। इतना डरपोक और इतना खोखले हैं केजरीवाल। वह आज यहां सिर्फ इसलिए आए थे कि स्वाति मालीवाल पर हो रहे अत्याचार से ध्यान भटकाया जा सके। कपिल



मिश्रा ने कहा कि भागो जितना भागना है, एक जून को बेल रद्द और चार जून को जमानत जब्त, यही आपकी नियति है।

दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मैं आज मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का भाषण सुन रहा था। वह कह रहे थे कि आधे घंटे बाद मैं भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय पर पहुंचेंगे। अगर दिल्ली पुलिस में हिम्मत है तो मुझे गिरफ्तार करके दिखाए। हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करे। अगर वे गिरफ्तार नहीं कर सकते हैं तो समझ लेना कि बीजेपी हमसे डर गई है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि सीएम के सरकारी आवास के अंदर उनकी साथी महिला सांसद के साथ गलत व्यवहार किया जाता है। अभद्रता की जाती है लेकिन केजरीवाल के मुंह से एक शब्द भी नहीं निकलता।

# मानसून को लेकर नगर निगम ने कार्य योजना बनाई

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम ने मानसून को लेकर कार्य योजना तैयार की है। इसके मद्देनजर निगम प्रशासन ने दो चरणों में नालियों से गाद निकालने की प्रक्रिया को पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। पहले चरण के तहत 78 हजार मीट्रिक टन से अधिक गाद निकाली जानी है। जिसमें से पहले चरण में अब तक 35 हजार मीट्रिक टन से अधिक गाद नालियों से निकाली जा चुकी है। निगम प्रशासन ने अब तक पहले चरण में 45.31 फीसदी तक गाद निकाल दी है। निगम के अनुसार जून के दूसरे सप्ताह तक नालियों से गाद निकालने के कार्य को पूरा हो जाएगा। दूसरे चरण में 47 हजार मीट्रिक टन गाद निकाली जाएगी। दिल्ली में 4 फुट व इससे अधिक के कुल 713 नालों से गाद निकाली जा रही है। इस कार्य निगम कर्मचारियों के साथ एजेंसी की तरफ से पूरा किया जा रहा है। नालियों से निकाली गई गाज को लैंडफिल साइटों तक पहुंचाया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में मानसून के दस्तक से पहले सभी नालों व नालियों से गाद निकालने का काम पूरा कर लेंगे। इसके लिए दो हजार से अधिक कर्मचारियों को भी तैनात किया है। जोन स्तर पर हर सप्ताह कार्य की समीक्षा करते हुए रिपोर्ट भी मांगी जा रही है। इस व्यवस्था को लेकर जोन व विभागों की लगातार बैठकें भी हो रही हैं। लोगों से भी निगम ऐप 311 व हेल्पलाइन नंबर 155305 पर कॉल कर समस्या के बारे में जानकारी देने की अपील की गई है।

# बदमाशों ने मजदूरों पर हमला कर मोबाइल व पर्स लूटा

**नई दिल्ली।** छावला इलाके में दीवार बना रहे मजदूरों पर हथियार बंद बदमाशों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने पांच दिन में दो बार हमला कर मजदूरों के मोबाइल, पैसे व पर्स लूट कर फरार हो गए। प्लॉट के केयर टेकर ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिलीप कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह पिछले तीन साल से महेन्द्र कुमार के यहां नौकरी कर रहा है। महेन्द्र कुमार का एक 600 गज का प्लॉट छावला इलाके में है। प्लॉट में चारदीवारी निर्माण का काम किया जा रहा है। इसके चलते वहां बने एक कमरे में कुछ मजदूर रहते हैं और दिन में वह प्लॉट पर ही काम करते हैं। 12 मई की देर रात दिलीप अपने घर पर था। इसी दौरान प्लॉट के चौकीदार गोरेलाल का फोन आया। गोरेलाल ने बताया कि पांच बदमाश प्लॉट में बने कमरे में घुस गए हैं और उन्होंने सभी की पिटाई कर उनके मोबाइल व पैसे लूट लिए हैं। गोरेलाल और उसका सहयोगी खेत में भाग कर अपनी जान बचाई है। दिलीप ने वारदात की जानकारी मालिक महेन्द्र को दी। 16 मई को दिन में दिलीप खुद काम करवा रहा था। इसी दौरान कुछ लोग हथियार के साथ प्लॉट पर पहुंचे और उन्होंने वहां दीवार गिरा दी।

# द्वारका पुलिस ने फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर का किया भंडाफोड़, अमेरिकी नागरिकों को लगाता था चूना

**शबाना बेगम, सद्भावना टुडे**

**नई दिल्ली।** द्वारका जिला पुलिस ने एक फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है, जो द्वारका के दो अलग-अलग घरों में बैठकर अमेरिकी लोगों को ठगा करते थे। इस मामले में पुलिस ने दो महिला सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। द्वारका डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार, द्वारका इलाके में एक फर्जी कॉल सेंटर चलाए जाने की सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने रेड कर रेहान नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जो एक घर पर काम कर रहा था। उसकी निशानदेही पर दूसरे घर में चलाये जा रहे कॉल सेंटर का पता चला और वहां भी रेड किया। वहां काम करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें दो महिलाएं भी है।

गिरफ्तार आरोपियों का नाम आशीष, उदय गिल, प्रदीप कुमार, निखिल गुप्ता, प्रभजोत है। पुलिस के अनुसार, यह लोग अमेरिकी लोगों को कॉल कर खुद को विदेशी होने की बात बताते थे। आरोपी अंग्रेजी नामों के सहारे विदेशी नागरिकों को कॉल करते थे, ताकि यूएस के नागरिक को उन पर शक न हो। वे उनके सामने खुद को बड़ी कंपनियों के टेक्निकल सपोर्ट के रूप में प्रस्तुत कर उनके सिस्टम की समस्याओं



को दूर करने का झांसा देते थे। इसके लिए आरोपियों ने अपने लैपटॉप में वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क इनस्टॉल कर रखा था, जिससे वे अपनी आईपी एड्रेस को छुपा सकें। आरोपियों के कब्जे 11 लैपटॉप 15 मोबाइल 7 राउटर और कॉलिंग सॉफ्टवेयर के अलावा जिन लोगों को इन्होंने अब तक ठगा था। उसकी पूरी लिस्ट बना रखी थी। वह डिटेल भी बरामद कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# जल्द शुरू होगी हिंडन नदी की सफाई, नगर आयुक्त ने प्रदूषण स्रोतों की मैपिंग कराने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** हिंडन नदी की सफाई को लेकर नगर निगम ने पहल शुरू कर दी है। इसको लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने हिंडन नदी की सफाई योजना पर अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर हिंडन नदी की सफाई पर विशेष तौर पर काम करने के निर्देश दिए गए। साथ ही हिंडन नदी से जुड़े 9 नालों पर अभियान के तौर पर काम करने को कहा गया।

नगर आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग, निर्माण विभाग, पशु चिकित्सा विभाग और जल निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर हिंडन नदी की पॉल्यूशन सोर्सेस की मैपिंग और सफाई योजना प्लान तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए। इस पहल को लेकर नगर आयुक्त ने बताया कि हिंडन नदी को साफ करने के लिए रोड मैप तैयार किया जा रहा है। हिंडन विहार, सिटी फॉरेस्ट, केला भट्टा, नंदग्राम, डासना, प्रताप विहार, राहुल विहार, अर्थला, करहेड़ा इलाके के नाले जो सीधे तौर पर हिंडन नदी से कनेक्ट है, उनकी खास तौर पर सफाई करायी जाएगी। इससे नालों के माध्यम से हिंडन नदी तक कूड़ा पहुंचने से रोका जा सकेगा। इसके लिए नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग को नालों के अंदर जाल लगाने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी तरह के कचरे को नदी में गिरने से रोका जा सके। वहीं, नगर निगम की ओर से हिंडन नदी के प्रदूषण स्रोतों की मैपिंग की जा रही है। साथ ही हिंडन नदी की सफाई के लिए भी कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके लिए हिंडन नदी को प्रभावित करने वाले शहर के 9 बड़े नालों की सफाई प्रक्रिया की निगरानी की जाएगी। नगर आयुक्त ने बताया कि जल निगम के अधिकारियों को टेपिंग प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए निर्देश दिया गया है। इससे हमारी टीम जल्द से जल्द हिंडन नदी को साफ कर सकेगी और इस दौरान लोगों को होने वाली परेशानियों से भी निजात मिलेगी। इस योजना के तहत निगम हिंडन नदी में गिरने वाले नालों को व्यवस्थित करने की तैयारी कर रहा है।

# महंगे पार्सल लेकर फरार हो जाते थे डिलीवरी ब्वाय, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस की वाहन चोरी निरोधक दस्ता टीम ने 17 मई को तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी फर्जी दस्तावेजों के सहारे ई-कॉमर्स कंपनियों में डिलीवरी ब्वाय की नौकरी लेते थे। उसके बाद महंगे सामान को लेकर फरार हो जाते थे। पुलिस ने आरोपियों निखिल राठौड़, योगेन्द्र उर्फ योगी और चंदन कुमार मिश्रा के पास से नौ मोबाइल फोन, दो ईयरफोन, एक बेल्ट, एक लेडीज ड्रेस, एक पीतल की चूड़ी (कड़ा), एक पोनीटेल बैंड, एक घड़ी बरामद की है। पुलिस आरोपियों के एक फरार साथी की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि 21 अप्रैल को हौजरानी निवासी एक शख्स ने पुलिस को अपने यहां चोरी की शिकायत दी। पीड़ित ने बताया कि उसके यहां काम करने वाला एक डिलीवरी ब्वाय करीब 5 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गया है। मालवीय नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। एएटीएस के इंचार्ज उमेश यादव, एसआई दीपक मेहला की टीम को भी मामले की जांच सौंपी गई। पुलिस टीम ने आरोपी के नौकरी के समय दिए गए दस्तावेजों की जांच की तो पाया कि वह फर्जी हैं। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान की और फिर उसे गिरफ्तार किया।

# मालीवाल मारपीट मामले में जांच तेज, दिल्ली पुलिस ने सीएम आवास से डीवीआर जब्त किया

**शाहनवाज सैफ, संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वाति मालीवाल केस में दिल्ली पुलिस आज रविवार को सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पहुंची और आवास में मौजूद सीसीटीवी डीवीआर जब्त कर लिया। बता दें कि दिल्ली पुलिस के अधिकारी ऐसे वक्त पर सीएम आवास पहुंचे थे, जब अरविंद केजरीवाल पार्टी के विधायकों और सांसदों के साथ बिभव की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। हालांकि, सीएम केजरीवाल को प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली थी। इसके बाद भी सीएम ने पैदल मार्च निकाला। खास बात है कि सीएम केजरीवाल थोड़ी ही देर में मार्च कर वापस अपने आवास पर लौट आए।

बिभव कुमार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजने वाले मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल से जांच एजेंसी ने कहा कि वे पुलिस के साथ सहयोग नहीं कर रहे और जवाब देने से बच रहे हैं। रिमांड अर्जी में कहा गया है यह एक बहुत ही गंभीर मामला है जिसमें एक सांसद पर बेरहमी से हमला किया गया जो घातक हो सकता था। विशिष्ट सवाल किए जाने के बावजूद आरोपी ने जांच में सहयोग नहीं किया है और वह जवाब देने से बच रहा है। बता दें कि बीते दिन शनिवार को जब



बिभव की पुलिस कस्टडी की मांग को लेकर तीस हजारी कोर्ट में बहस हुई तो एक के बाद एक कई खुलासा हुआ। पुलिस द्वारा ज़ब्त सीसीटीवी में घटना के दौरान का सीसीटीवी ब्लैंक शो हो रहा है और घटना के समय का सीसीटीवी नहीं मिला। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश अतिरिक्त लोक अभियोजक अतुल श्रीवास्तव ने विभव कुमार की हिरासत पर बहस करते हुए कोर्ट को बताया, %हमने डीवीआर मांगा, वह पेन ड्राइव में दिया गया। फुटेज खाली पाई गई।

इसके अलावा पुलिस को आईफोन दे दिया गया है, लेकिन अब आरोपी पासवर्ड नहीं बता रहा है। फोन को फार्मेट कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि मामले में सबसे अहम सबूत घटनास्थल का डीवीआर है जिसे अभी तक पुलिस को मुहैया नहीं कराया गया है। पुलिस हिरासत का अनुरोध करने वाली अर्जी में कहा गया है कि सीएम के आवास के एक जूनियर इंजीनियर ने स्वीकार किया था कि उसकी उस स्थान तक पहुंच नहीं है जहां डीवीआर और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं लेकिन बाद में उसने डाइनिंग रूम का वीडियो उपलब्ध कराया लेकिन कथित घटना के समय के इसमें कोई फुटेज नहीं हैं।

# हथियार तस्करी करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिला एसटीएफ ने गत तीन दिनों में हथियार की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पांच तमंचे, मोटरसाइकिल और तमंचा बनाने में इस्तेमाल तमाम औजार बरामद हुए हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ निवासी मुनेश कुमार, गोपाल पंडित और अजीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि 16 मई को टीम को मोटरसाइकिल सवार हथियार तस्कर के नई सड़क, फर्श बाजार स्थित सीबीडी ग्राउंड में आने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर एसटीएफ ने करीब 6.40 बजे के आसपास मौके पर छापा मारकर एक बदमाश को मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने अन्य दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया।

## एक नजर

### युवक की हत्या मामले में नाबालिग समेत चार पकड़े

**नई दिल्ली।** सीलमपुर इलाके में 20 वर्षीय इकबाल की हत्या में पुलिस ने रविवार को दो नाबालिगों समेत कुल चार लोगों को पकड़ा है। आरोपियों ने कुछ दिनों पहले हुए झगड़े का बदला लेने के लिए शुक्रवार रात को इकबाल की चाकू से गोदकर हत्या की थी। इकबाल करीब दो माह पूर्व बिहार से दिल्ली आया था। आरोपी उसे बाहरी कहकर तंग करते थे और इसी के चलते कुछ दिनों पहले उनका झगड़ा हुआ था। उत्तर पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की के अनुसार, आरोपियों की पहचान न्यू सीलमपुर के गौतमपुरी निवासी मोहम्मद आदिल अंसारी, फैजल के रूप में हुई। बाकी दो आरोपित 15 व 17 वर्ष के हैं। उनके पास से वारदात में इस्तेमाल तीन चाकू व एक सूजा बरामद हुआ है। इकबाल मूलरूप से किशनगंज, बिहार का रहने वाला था। दिल्ली में वह गली संख्या-10, गौतमपुरी में एक जींस फैक्ट्री में काम करता था। शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे वह ढाबे से खाना लेकर फैक्ट्री लौट रहा था। रास्ते में आरोपियों ने उसपर चाकू से हमला कर दिया।

### हत्या कर आठ साल से फरार सगे भाई गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने भलस्वा डेरी इलाके में युवक की हत्या कर आठ साल से फरार दो सगे भाइयों को जयपुर से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को रोहिणी कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर दिया था। डीसीपी राकेश परवरिया ने बताया कि वर्ष 2016 दिसंबर में महिला के सामने बेटे की चाकू से वार कर नृशंस हत्या हुई थी। वारदात को दो सगे भाई विक्रम एवं शिवा ने दोस्तों के साथ मिलकर अंजाम दिया था। स्थानीय पुलिस ने दोनों भाई को छोड़कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट द्वारा उन्हें दोषी भी मान लिया गया। डीसीपी ने बताया कि दोनों भाई वारदात के बाद लगातार फरार चल रहे थे। इस बीच इंस्पेक्टर दीपक पांडेय की टीम भी इनकी तलाश कर रही थी। हेड कांस्टेबल अजय यादव को सूचना मिली कि दोनों भाई जयपुर में छिपे हैं। पुलिस को दोनों के फोन नंबर मिल गये, जिसके आधार पर सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

### चोरी की ज्वैलरी के साथ दो दोस्त गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर थाना पुलिस ने 17 मई को दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। दोनों घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों अरुण और आकाश सिंह के पास से चार जोड़ी सोने की बालियां, एक जोड़ी चांदी की बाली, पायल सहित अन्य आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि खिड़की गांव में रहने वाली महिला ने 4 मई को अपने घर में चोरी की शिकायत पुलिस को दी थी। मालवीय नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। हेड कांस्टेबल अमित कुमार, दिनेश और महेंद्र की टीम ने घटनास्थल के पास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। फुटेज में दो आरोपी वारदात करते हुए दिखाई दिए, जबकि एक अन्य दोनों का इंतजार कर रहा था। तीनों आरोपियों के बाइक पर भागते हुए फुटेज से पुलिस ने उनकी पहचान की।

### अवैध शराब की तस्करी करत दो आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लबगढ़ अनिल कुमार द्वारा लोकसभा चुनाव में शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए बनाई गई स्पेशल एक्साइज स्टाफ टीम तथा सदर बल्लभगढ़ प्रभारी उमेश कुमार की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अरुण उर्फ निक्कू तथा लोकेश का नाम शामिल है। आरोपी अरुण फरीदाबाद के मिर्जापुर तथा आरोपी लोकेश सागरपुर का रहने वाला है। पुलिस टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को दयालपुर के मोहन रोड पर स्थित एक खाली प्लॉट से दोनों आरोपियों को अवैध शराब सहित काबू कर लिया। आरोपियों के पास दो गाडियों में 58 पेटी अवैध देशी शराब मस्ताना बरामद की गई जिसमें स्विफ्ट गाड़ी में 38 पेटी तथा वरना गाड़ी में 20 पेटी पाई गई। अवैध शराब और वारदात में प्रयोग गाड़ी को कब्जे में लेकर पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ अवैध शराब अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई, जिसमें सामने आया कि आरोपी चुनाव के समय में आसपास के ठेकों से शराब इकट्ठी करके खुले में बेचकर मुनाफा कमाने के लालच में शराब लेकर आए थे जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपियों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई है।

# डीयू के नॉन टीचिंग पदों को भरने के लिए फोरम ऑफ एकेडमिक्स फॉर सोशल जस्टिस ने यूजीसी को लिखा पत्र



**नई दिल्ली,एजेंसी।** फोरम ऑफ एकेडमिक्स फॉर सोशल जस्टिस ने यूजीसी के चेयरमैन प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार को पत्र लिखा है। पत्र में बताया है कि यूजीसी ने दिल्ली विश्वविद्यालय के विभागों व कॉलेजों को ओबीसी विस्तार योजना के तहत गैर शैक्षणिक पदों को भरने के लिए 31 मार्च 2023 तक का एक्सटेंशन दिया था। लेकिन विभागों के प्रमुखों और कॉलेजों के प्राचार्य को दी गई समय सीमा में इन पदों को नहीं भर पाए।

इसके बाद यूजीसी की अवर सचिव वीना मेनन ने 5 अक्टूबर 2023 को डीयू के कुलसचिव व कॉलेज प्राचार्यों को सर्कुलर जारी कर ओबीसी विस्तार योजना के तहत स्वीकृत गैर शैक्षणिक पदों को भरने के लिए समय सीमा के विस्तार के संबंध में कई अनुरोध प्राप्त हुए हैं। हालांकि, इससे पहले भी यूजीसी सात बार ओबीसी एक्सपेंशन दे चुकी है। कॉलेजों और विभागों में गैर शैक्षणिक श्रेणी के सैकड़ों पद हैं। लेकिन, अधिकांश कॉलेजों ने इन पदों को नहीं भरा। ओबीसी एक्सपेंशन के इन पदों को भरने के लिए फोरम ने मांग की है कि यूजीसी दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलसचिव व सभी प्राचार्यों को सर्कुलर जारी कर 31 मई 2025 तक इन पदों को भरने के लिए एक्सटेंशन दे। उन्होंने मांग की है कि इस बार कोई कॉलेज ओबीसी एक्सपेंशन के इन पदों को नहीं भरता है तो उनकी ग्रांट बंद कर देनी चाहिए। फोरम के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने बताया कि कॉलेज प्राचार्यों ने यह स्वीकार किया कि पिछले दो साल से शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया के चलते वे ओबीसी एक्सपेंशन के इन पदों को अभी तक नहीं भर पाए। प्राचार्यों का यह भी कहना है कि जब तक यूजीसी पुनः इन पदों को भरने संबंधी निर्देश नहीं देगी वे इन पदों को नहीं भर पाएंगे। इसलिए फोरम मांग करता है कि ओबीसी एक्सपेंशन स्कीम के अंतर्गत इन पदों को भरने के लिए पुनः एक साल का एक्सटेंशन देते हुए 31 मई 2025 तक समय दिया जाए। इस संदर्भ में विश्वविद्यालय के कुलसचिव व कॉलेज प्राचार्यों को सर्कुलर जारी किया जाए, जिससे ओबीसी एक्सपेंशन के इन पदों को भरा जा सके। उन्होंने बताया है कि हर विभाग व कॉलेज में ओबीसी एक्सपेंशन की सीटें खाली पड़ी हुई हैं।

## द कॉमेडी ऑफ एरर्स का हिंदी रुपांतरण देख दर्शकों ने लगाए ठहाके

**नई दिल्ली।** अंग्रेजी के महान साहित्यकार शेक्सपीयर की सबसे छोटी और हास्य से परिपूर्ण कृति द कॉमेडी ऑफ एरर्स पर आधारित नाटक टू बाई टू का मंचन मंडी हाउस स्थित श्रीराम सेंटर सभागार में देख दर्शकों ने जमकर ठहाके लगाए। इस नाटक में गलत पहचान की घटनाएं ही हास्य का आधार है।

शेक्सपीयर के इस अंग्रेजी नाटक का हिंदी रुपांतरण प्रसिद्ध गीतकार, लेखक व फिल्म निर्माता निर्देशक गुलजार ने किया है, जबकि इसका निर्देशन सलीम आरिफ ने किया है। इस नाटक के आधार पर कई हिंदी फिल्में भी बनी हैं। गुलजार ने स्वयं अंगूर नाम से फिल्म बनाई है। चुनावी सरगर्मी के बीच श्रीराम सेंटर आए दर्शकों का इस नाटक ने भरपूर मनोरंजन किया। श्रीराम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एसआरसीपीए) रिपर्टरी के कलाकारों द्वारा मंचित इस नाटक की दर्शकों ने खूब सराहना की। यह नाटक बैकग्राउंड में गुलजार के वक्तव्य और मंच पर शेक्सपीयर के किरदार के साथ शुरू होता है। बेहतरीन दो मंजिला सेट, लाइट, साउंड और कलाकारों के अभिनय ने इस नाटक को इस पर अधारित बनी फिल्म से इतर पहचान दी है। यह नाटक जुड़वा भाइयों और उनके जुड़वा सेवादार की कहानी है। परिस्थितिवश बिछड़ने पर एक जोड़ा एक परिवार और दूसरा जोड़ा दूसरा परिवार पालता है। कहानी में दिलचस्प मोड़ तब आता है, जब चारों एक ही शहर में आ जाते हैं। एक-दूसरे से अनभिज्ञ दोनों जोड़े किन रोचक परिस्थितियों का सामना करते हैं, पूरी कहानी इसी पर केंद्रित है।

## दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट से 28वीं हज उड़ान मदीना के लिए रवाना, अभी और 19 उड़ानें है बाकी

**शोएब आलम, संद्भावना टुडे**

**नई दिल्ली।** 9 मई 2024 से दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पवित्र हज सफर के लिए हज फ्लाइट्स के रवाना होने का सिलसिला शुरू हुआ था। दिल्ली से अब तक कुल 28 फ्लाइट हाजियों को लेकर हज सफर के लिए रवाना हो चुकी है। दिल्ली हज इंबार्केशन पॉइंट से केवल दिल्ली ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न राज्यों के हाजी हज यात्रा के लिए प्रस्थान करते हैं। दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी के मुताबिक, शनिवार को दिल्ली के रामलीला मैदान और दरगाह फैज इलाही में बने वातानुकूलित हज ट्रांसिट कैंप में और दिनों की तुलना में हज यात्रियों की संख्या काफी अधिक थी। दिल्ली स्टेट हज कमिटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने हज यात्रियों और उनके परिवार वाले से हज ट्रांसिट कैंप में मुलाकात की और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार संख्या 8 पर पहुंच कर हज यात्रियों को पवित्र हज यात्रा के लिए रवाना किया। शनिवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सऊदी एयरलाइंस की कुल तीन उड़ानों से लगभग 1200 हज यात्री हज सफर के लिए मदीना रवाना हुए। 18 मई 2024 तक कुल 47 हज उड़ानों में से अब तक 28 उड़ानें



सफलता पूर्वक प्रस्थान कर चुकी हैं। 25 मई 2024 तक 19 हज उड़ानें और रवाना होनी बाकी हैं। हज 2024 के लिए भारत से कुल 1,75,025 हाजी पवित्र हज के लिए जाएंगे। इस में भारत सरकार द्वारा 1,40,025 जबकि प्राइवेट टूर ऑपरेटर्स द्वारा 35,000 हाजी हज पर जाएंगे। पूरे भारत में कुल 20 इंबार्केशन पॉइंट से हज यात्री रवाना होते है। प्रथम चरण में दिल्ली से जाने वाले हाजियों की देश वापसी 22 जून से शुरू होगी। इस्लाम धर्म में पांच मूल नियम बताए गए हैं। इनमें शाहदा (विश्वास), सलाह (प्रार्थना), जकात (दान), रोजा (उपवास) और हज शामिल है। हर साल दुनिया भर के लाखों इस्लाम अनुयायी हज यात्रा के लिए सऊदी अरब स्थित मक्का-मदीना पहुंचते हैं। इस्लाम के मुताबिक, हज अल्लाह से जुड़ने, माफी मांगने और विश्वास मजबूत करने का जरिया है।

## भाजपा प्रत्याशी चौधरी कृष्ण पाल गुर्जर के समर्थन में भाजपा जिला महामंत्री वीरपाल दीक्षित ने भव्य जनसभा का किया आयोजन

**अशोक कुमार, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**पलवल।** पलवल के हुड्डा सेक्टर 2 स्थित कम्युनिटी सेंटर में भाजपा प्रत्याशी चौधरी कृष्ण पाल गुर्जर के समर्थन में भाजपा जिला महामंत्री वीरपाल दीक्षित ने भव्य जनसभा का अयोजन किया। जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा संसदीय बोर्ड सदस्य श्रीमती सुधा यादव एवम राज्य सभा सांसद एवम पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिनेश शर्मा उपस्थित रहे। मंच पर भाजपा लोकसभा प्रभारी जी एल शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह तेवतिया, विधायक दीपक मंगला के भाजपा के मुख्य नेता भी रहे।




राज्यसभा सांसद एवं यूपी के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने इंडिया गठबंधन को जमकर आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भारत देश में आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बाढ़ आई हुई है। जिसमें इंडिया गठबंधन डूबा हुआ है। 4 जून को भारत देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और फरीदाबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर भी रिकॉर्ड तोड़ वोटो से जीतेंगे। इतना ही नहीं 4 जून को सभी विपक्षी दल एक ङ्क दूसरे से लड़कर इंडिया गठबंधन को समाप्त कर लेंगे। पलवल के हुड्डा सेक्टर 2 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित जनसभा में उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद एवं यूपी के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि आज मोदी को हटाने के लिए सभी दल इकट्ठे हो गए हैं। इतना ही पाकिस्तान और चीन जैसे देश भी चाहते है कि भारत देश का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न बने और अमेरिका कहता है कि अगर मोदी आया तो भारत विश्व की बड़ी ताकत बन जाएगा। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस लोगों को जाति में बांटने का काम कर रही है। क्योंकि अंग्रेजों की बनाई गई यह कांग्रेस पार्टी आज भी अंग्रेजों की नीति पर चलकर सत्ता पर राज करना चाहती है और भारतीय जनता पार्टी 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। इसलिए वह लोगो से भी यही कहते है कि कांग्रेस के कहने पर कोई जातियों में ना बटे। कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी ने 4 प्रतिशत अल्पसंख्यको को आरक्षण देकर दलितों का अपमान किया है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि वह ऐसा कभी नहीं होने देंगे। शर्मा ने कहा जो विपक्षी दल कभी एक दूसरे को गालियां देते थे और एक दूसरे के दुश्मन हुआ करते थे, आज वह सभी विपक्षी दल मोदी को हटाने के लिए एक हो चुके है और मोदी को हटाने का जाप करते है।

## देश-प्रदेश में बनेगी कांग्रेस की सरकार, आपके विकास और सम्मान की जिम्मेदारी मेरीः महेन्द्र प्रताप सिंह

**शहजाद सैफ, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**फरीदाबाद।** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने आज रविवार को अपने चुनावी अभियान के तहत एक दर्जन चुनावी सभाओं को संबोधित कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने छोटूराम पॉर्क सेक्टर-7, ईरोज चार्मवुड, दयालबाग, शिवदुर्गा बिहार, नीलम बाटा रोड वैश्य भवन एसी नगर, आई ब्लॉक शिव दुर्गा बिहार, सेक्टर-4, अनाज मंडी किसान भवन, सेक्टर-3 बल्लभगढ़, सेक्टर-11 छोटूराम पॉर्क, जवाहर कॉलोनी व ग्रीन फील्ड में आयोजित चुनावी सभाओं में जहां उनका लोगों द्वारा पगडी बांधकर गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया गया वहीं समाज की ओर से पगडी बांधकर व फूलों की बडी माला पहनाकर अपने खुले समर्थन का आर्शीवाद भी दिया गया।



सभाओं में भारी भीड से उत्साहित कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आपकी हाजरी और उत्साह बता रहा है कि इस बार आपने कांग्रेस को विजयी बनाने का पक्का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां देहात क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में एकतरफा हवा चल निकली है वहीं शहरी क्षेत्र में भी लोगों के समर्थन से दिन-प्रतिदिन कांग्रेस का ग्राफ बढा है। क्योंकि यह चुनाव भ्रष्टाचार और ईमानदारी पर आकर खडा हो गया है और आप ईमानदारी को चुन रहे हैं जिसकी आवाज समूचे प्रदेश में जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में फरीदाबाद नंबर वन था। परन्तु आज भाजपा के कार्यकाल में फरीदाबाद फकीराबाद बनकर रह गया है। भाजपाई स्मार्ट स्टिी बता रहे हैं जबकि फरीदाबाद कूढा सिटी में तब्दील होती जा रही है। यहां प्रदूषण की समस्या भी विकराल रूप धारण कर रही है। वहीं युवाओं को रोजगार उपलब्ध न होने के कारण बेरोजगारी बढ गई है। शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है और विकास के नाम पर सिर्फ घोटाले ही हो रहे हैं। पिछले 10 सालों में फरीदाबाद को दिशाहीन किया है। जुमलेबाजी की इस सरकार ने जनता को लूटने का काम किया है। औद्योगिक नगरी के नाम से विश्व में मशहूर इस फरीदाबाद से आज जहां उद्योग पलायन कर रहे हैं युवाओं के समक्ष बेराजगारी का संकट खडा होता जा रहा है।

### लूट की फिराक में घूम रहे तीन युवकों को पुलिस ने दबोचा

**फरीदाबाद।** लूट की फिराक में घूम रहे तीन युवकों को अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से देसी कट्टा व जिंदा राउंड, लोहा सरिया, डंडा बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि तीनों आरोपी एक दूसरे के दोस्त हैं गिरफ्तार आरोपियों में सागर,भारत और विजय का नाम शामिल है। आरोपी सागर और आरोपी भारत नेहरू कॉलोनी डबुआ का तथा आरोपी विजय गांव समयपुर सेक्टर 58 का रहने वाला है। अपराध शाखा टीम एएसआई विनोद, मुख्य सिपाही, जगदीप, सिपाही अमन, मोहित, कुलदीप सिंह रात्रि गश्त पर थी। गश्त के दौरान गुप्त सूत्रों से प्राप्त हुई सूचना पर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गांव फरीदपुर के एरिया से काबू किया गया है। मौके पर आरोपी भारत से देसी कट्टा में जिंदा व जिंदा राउंड, आरोपी विजय से सरिया आरोपी सागर से डंडा बरामद किया गया है।

### 44 साल के एक व्यक्ति के रेक्टम में फंसा वाइब्रेटर, इस तकनीक से डॉक्टरों ने बिना ऑपरेशन निकाला बाहर

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गुजरात के रहने वाले एक 44 वर्षीय व्यक्ति के रेक्टम में वाइब्रेटर फंस गया। जिसे तुरंत उन्हें कौशांबी के यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल के डॉक्टरों ने जांच की। जांच में पता चला कि शख्स के रेक्टम में कोई विदेशी वस्तु फंसी हुई है। इसके बाद कड़ी मशक्कत के बाद फंसी हुई वस्तु को बाहर निकाल लिया गया। यशोदा अस्पताल के गैस्ट्रोलॉजिस डॉ. कुणाल दास के मुताबिक, पीड़ित व्यक्ति को इमरजेंसी में यहां भर्ती कराया गया। व्यक्ति को शौच की जगह पर काफी तेज दर्द हो रहा था और वह मल त्यागने में भी असमर्थ था। उनके हालत को देखते हुए तुरंत डॉक्टरों ने जांच शुरू की। सबसे पहले, एक लचीली ट्यूब को मलाशय के माध्यम से डाला गया, जिसमें पता चला कि एक वस्तु मलाशय के 5 से 7 सेंटीमीटर अंदर फंसी हुई थी। इस



वस्तु को स्नेर से निकालना बहुत मुश्किल हो रहा था, क्योंकि फंसी हुई वस्तु बहुत चिकनी थी जिसके कारण स्नेर बार-बार फिसल रहा था। इसके बाद दूसरी तकनीक अपनाई गई और कुछ देर बाद फंसी हुई विदेशी वस्तु को बाहर निकालने में सफलता मिली। इस मामले पर डॉ. दास ने कहा कि आम तौर पर मलाशय से किसी वस्तु को निकालने के लिए सर्जरी की जरूरत पड़ती है। हालांकि, यहां सर्जन ने एंडोस्कोपी की और विशेष उपकरणों की मदद से फंसी हुई विदेशी वस्तु को बिना किसी ऑपरेशन के निकाल दिया। इसके बाद करीब 2 घंटे बाद मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## एसपी डॉ अंशु सिंगला ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बैठक लेकर दिए अहम दिशा-निर्देश

**पलवल।** एसपी डॉ अंशु सिंगला ने लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर बुद्धवार को जिला लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक, क्राइम युनिट व चौकी इंचार्जो की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करें तथा आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव को पूरी तरह से निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण रुप से करवाने के लिए तैयारियों में जुट जाएं तथा चुनाव से संबंधित सभी कार्य शीघ्र पूरा करें। चुनाव आयोग के निर्देशों की दृड़ता से पालना करें तथा मांगे गए जबाव को निर्धारित समय अवधि में संबंधित अधिकारियों को भेजना सुनिश्चित करें। बूथों का भ्रमण कर बिल्डिंग व परिसर का जायजा लेकर रिपोर्ट दे। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए की अपने थाना क्षेत्र के लाइसेंस असला धारकों के शत प्रतिशत असले जमा करवाए। चुनाव के दौरान किसी के पास कोई भी हथियार नहीं होना चाहिए। जो लोग अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाही करें। इसके साथ ही क्षेत्र में प्रभावी रूप से गश्त करे और नाकाबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच करे। उन्होनें पेट्रोलिंग और चौकिंग अभियान को और अधिक प्रभावी रूप से चलाने के निर्देश देते हुए कहा की चुनाव को प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्वों, शराब तस्करों और अवैध हथियारों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए सभी प्रभावी कदम उठाए। रुपयों द्वारा वोटों की खरीद-फरोक्त करने वालों व उद्घोषित/जमानत तर्क, अति वांछित अपराधियों पैरोल जंपर अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला ने कहा कि जिला के साथ लगती उत्तर प्रदेश सीमा पर पूरी चौकसी बरते। रहीमपुर यमुना पुल, माला सिंह फॉर्म बागपुर व करमन बॉर्डर इंटर स्टेट नाका आदि पर नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनों तथा व्यक्तियों पर पैनी नजर रखें। आदतन अपराधियों की दैनिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखें।

## लोहे की प्लेटे चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** मेवला महाराजपुर से लोहे की प्लेटे चुराने वाले तीन चोरों को अपराध शाखा 65 प्रभारी तरुण की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सूरज, अमन तथा सुनील का नाम शामिल है। तीनों आरोपी मेवला महाराजपुर गांव के रहने वाले हैं और आपस में भाई हैं।

क्राइम ब्रांच की टीम ने कुछ दिन पहले तीनों आरोपियों को चोरी के एक मामले में चोरी का सामान बेचने की फिराक में घूम रहे आरोपियों को बल्लबगढ़ अनाज मंडी से गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने मेवला महाराजपुर सरकारी स्कूल के पास से फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए प्रगति कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा रखी गई लोहे की 70 किलोग्राम वजनी 7 प्लेट चोरी की थी जिनका कुल वजन करीब 500 किलोग्राम था और उनकी कीमत करीब 65000 रुपए थी। आरोपियों के कब्जे से चोरी का सारा सामान और वारदात में प्रयोग ऑटो बरामद किया गया। आरोपियों से मामले में गहनता से पूछताछ करने पर आरोपियों ने सेक्टर 58 एरिया में दिसंबर 2023 में एक महिला के साथ की गई वारदात के बारे में खुलासा किया। आरोपियों को इस मामले में प्रोडक्शन पर लेकर पुलिस पूछताछ



की गई जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने एक महिला को बातों में उलझाकर उसके कान के टॉप्स उतार लिए जिसे बेचकर उनके हिस्से में करीब 7000 एक के हिस्से में आए जिनमें से 2200 पुलिस ने बरामद किए तथा बाकी के पैसे आरोपियों ने खर्च कर दिए। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेजा जाएगा।

# स्वाति मालीवाल से जुड़ा बवाल

**राकेश अचल**



आम आदमी पार्टी की ख़ास नेत्री सुश्री स्वाति मालीवाल  के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निज सचिव द्वारा की गयी मारपीट की घटना अब रोचक हो गयी है। इस घटना की तह में जाने से पहले आपको स्वाति का अर्थ और स्वाति का महत्व समझना चाहिए। स्वाति का अर्थ है सरस्वती। स्वाति का अर्थ है तलवार। स्वाति हिन्दू धर्म से जुड़ा बहुत ही मन मोहने वाला नाम है। स्वाति सरस्वती है और एक नक्षत्र भी। स्वाती नाम की राशि कुंभ है। इस राशि की लड़कियां स्वभाव से बेहद ईमानदार होती हैं। यह किसी भी परिस्थिति के हिसाब से अपने आप को ढाल लेती हैं। स्वाती नाम की लड़कियां अक्सर दोस्ती करने से पहले सामने वाले व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से परखती है। इस राशि की स्वाती नाम की लड़कियों के करियर की बात करें तो यह फोटोग्राफर, वैज्ञानिक, लेखिका, मनोवैज्ञानिक व वकील सफलतापूर्वक बन सकती हैं।

आप की नेता और दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष के साथ जो कुछ हुआ वो विस्मयकारी, पीड़ादायक और निंदनीय है। लेकिन सवाल ये है कि सामाजिक आंदोलन से होते हुए आम आदमी पार्टी से जुड़ी स्वाति के साथ मुख्यमंत्री के निज सचिव को इतनी बदतमीजी करने का साहस अचानक आ कहाँ से गया ? स्वाति न मुक्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए नई हैं और न उनके निज सचिव के लिये।  आप ने स्वाति को महिला आयोग का अध्यक्ष भी बनाया और राज्य सभा भी भेजा, जाहिर है कि वे पार्टी के लिए महत्वपूर्ण रहीं हैं, लेकिन अचानक उनके साथ मुख्यमंत्री के निज सचिव का दुर्व्यवहार ये जाहिर करता है कि स्वाति के किसी क्रियाकलाप से मुख्यमंत्री के निज सचिव अवगत थे और उन्होंने इसीलिए स्वाति को मुख्यमंत्री से मिलने से रोका और जब नहीं रुकीं तो जो किया सो सब सीसीटीवी में कैद है। इस घटना के बाद स्वाति आप में रहेंगीं इसमें मुझे संदेह है। मुझे आशंका है कि वे आजकल में ही भाजपा के शरणार्थी शिविर में आश्रय ले सकतीं है। मामला पुलिस के पास पहुँच चुका है और पुलिस मुख्यमंत्री आवास के कार्यालय तक। भाजपा बहुत पहले से वहां पहुंचना चाहती थी, लेकिन रास्ता अब बना, वो भी स्वाति के जरिये। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भाजपा की आँखों की सबसे बड़ी किरकिरी हैं, और शायद इसीलिए केजरीवाल की जमानत का भाजपा निविरोध किय।  गनीमत है कि बड़ी अदालत ने जमानत की आलोचना को दरियादिली के साथ लिया और कुछ कहा नहीं। आखिर में स्वाति भाजपा के काम आयीं और उन्होंने जानबूझकर एक तय पटकथा के तहत जो करना था सो किया। उन्हें इसका फल मिलेगा, न्याय भी मिलेगा लेकिन उन्होंने अपने आपको समाप्त भी कर लिया। अब वे सरस्वती नहीं रहीं। सचमुच की स्वाति से हटकर उनका व्यक्तित्व शून्य बन गया है। आपको बता दें की स्वाति नक्षत्र आकाश मंडल में 15वाँ नक्षत्र होकर इसका स्वामी राहु यानि अधंकार है। स्वाति मालीवाल भी मुमकिन है कि आम आदमी पार्टी का 15 वां नक्षत्र ही हों और उनका स्वामी भी कोई अन्धकार ही हो।  कहावत भी है कि जब स्वाति नक्षत्र में ओस की बूँद सीप पर गिरती है तो मोती बनता है। इस बूँद के लिए चातक भी तरसता है और सीप भी। मुमकिन है कि आप भी स्वाति को इतना ही महत्वपूर्ण मानता हो। लेकिन अब आम आदमी पार्टी के लिए स्वाति पहले वाली स्वाति नहीं रही। आम आदमी पार्टी की मंत्री आतिशी ने कहा कि स्वाति मालीवाल के लगाए सारे आरोप झूठे और निराधार है। साजिश के तहत स्वाति को बीजेपी ने भेजा था।  स्वाति सीएम हाउस में जबरदस्ती घुसी थी।  बीजेपी ने पूरे मामले की साजिश रची है।  बिभव पर झूठे आरोप लगाए गए हैं। बिभव कुमार ने स्वाति मालीवाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

स्वाति हर पार्टी में है।  हर पार्टी का अपनी महिला नेत्रियों के प्रति एक जैसा रवैया होता है। मैंने अपने पांच दशक के पत्रकारिता के जीवन में निकट से जाना है कि चाहे कांग्रेस हो, भाजपा हो, वामपंथी हों, समाजवादी हों या फिर और कोई विचारधारा के दल महिलाओं का केवल इस्तेमाल करते हैं और वक्त आने पर उन्हें दूध में पड़ी मख्खी कीतरह निकाल भी फेंकते है।  उन्हें संरक्षण कोई नहीं देता।  स्वाति ने भी इस हकीकत को शायद समझा नहीं या समझ लिया तो कुछ ज्यादा ही समझ लिया। स्वाति आम चुनाव के पांचवें चरण के पहले सत्तापक्ष की और से चली गयी एक गोटी भर हैं। जिन्हें उनका इस्तेमाल करना था वे कर चुके हैं और स्वाति को पता भी नहीं चला।  अब पुलिस और अदालत स्वाति को जितना न्याय दिला सकती है शायद दिला भी दे किन्तु स्वाति का जो नुक्सान होना था उसकी भरपाई कोईनहीं कर सकता, न भाजपा और न आप। स्वाति को कांग्रेस के जमाने के स्त्री उत्पीड़न के मामले शायद याद नहीं है। वे तंदूर कांड भूल गयीं  वे भाजपा के दस साल के कार्यकाल में हुए स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं को भी शायद याद नहीं रख पायी। वे मप्र का हनीट्रैप कांड और कर्नाटक का ताजा रेमन्ना कांड भी याद नहीं रख सकीं, और उस पार्टी के खिलाफ इस्तेमाल कर ली गयीं जिस पार्टी ने उन्हें पहचान, रूतबा, पद और पैसा उपलब्ध कराया। वे पीड़िता हैं इसलिए मैं उनके साथ हूँ किन्तु उन्होंने जिस तरह से अपना इस्तेमाल होने दिया उसे देखते हुए मैं उनके साथ नहीं भी हू।  वे अब स्वाति नक्षत्र की उस बूँद जैसी हैं जो किसी सीप में पड़े कच्चे माल को मोती में तब्दील नहीं कर सकतीं। वे किस अतृप्त चातक के लिए जीवनदायनी भी साबित नहीं हो सकती।  वे द्रोपदी की तरह अपमानित भी हुईं और महाभारत भी नहीं करा पायीं, क्योंकि उनके होने या न होने से अब आप का कोई नुक्सान होने वाला नहीं है। बहरहाल अब आने वाले दिनों  में स्वाति को न्याय मिलेगा या नहीं ? भाजपा उन्हें शरण देगी या नहीं ? आप उन्हें अपनाएगी या नहीं ? ऐसे सवाल हैं जिनका जबाब कोई नहीं दे सकता। बस प्रतीक्षा कीजिये की आने वाले दिनों में राजनीति कितनी और बदसूरत हो सकती है। हर दल की स्वातियों को सावधान हो जाना चाहिए और अपने आपको इस्तेमाल होने से बचना चाहिए।

ग्लोबल कमीशन ऑन इकोनॉमिक्स ऑफ वॉटर की रिपोर्ट कहती है कि साल 2070 तक 70 करोड़ लोग जल आपदाओं के कारण विस्थापित होने को विवश होंगे। गौरतलब है दुनिया में दो अरब लोग दूषित पानी का सेवन करने को विवश हैं और हर साल जलजनित बीमारियों से लगभग 14 लाख लोग बेमौत मर जाते हैं। दुनिया में बहुतेरे विकसित देशों में लोग नल से सीधे ही साफ पानी पीने में सक्षम हैं। लेकिन हमारे देश में आजादी के 77 साल बाद भी ऐसा मुमकिन नहीं। केन्द्र और राज्य सरकारें घरों में नल के माध्यम से पीने योग्य पानी की आपूर्ति का दावा करती हैं। हकीकत यह है कि आज भी 5 फीसदी लोग बोतलबंद पानी खरीद रहे हैं। जबकि जल जीवन मिशन ने 2024 तक हर घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा था। यह मिशन और स्थानीय निकाय के जलदाय विभाग की नाकामी है जिसके चलते हर महानगर, शहर -कस्बे में छोटे-छोटे सैकड़ों वाटर बॉटलिंग प्लांट चल रहे हैं जो घर-घर 20-20 रुपये में पानी की बोतल पहुंचा कर लोगों की प्यास बुझा रहे हैं। यदि सभी को शुद्ध पेयजल मुहैया कराना सरकार की मंशा है तो उसे प्राकृतिक जल स्रोतों पर ध्यान देना होगा। इस तथ्य को सरकार भी नजरअंदाज नहीं कर सकती कि देश के सभी जलस्रोत संकट में हैं। तालाब, पोखर, जलाशय बेरुखी के चलते बर्बादी के कगार पर हैं। देशभर में करीब कुल 24,24,540 जल? स्रोत हैं। जिनमें से 97 फीसदी ग्रामीण क्षेत्रों में व केवल 2.9 फीसदी शहरी क्षेत्र में हैं। 45.2 फीसदी जल स्रोतों की कभी मरम्मत भी नहीं हुई। इनमें 16.3 फीसदी जल स्रोत इस्तेमाल में ही नहीं हैं।

# प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण ही समाधान

**ज्ञानेन्द्र रावत**



दुनिया में पेयजल की समस्या दिनों दिन गहराती चली जा रही है। इसके बावजूद हम पेयजल को बचाने और जल संचय के प्रति अपेक्षा अनुरूप गंभीर नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि 2025 में दुनिया की चौदह फीसदी आबादी के लिए जल संकट बहुत बड़ी समस्या बन जायेगा। इंटरनेशनल ग्राउंड वॉटर रिसोर्स असेसमेंट सेंटर के अनुसार पूरी दुनिया में आज 270 करोड़ लोग ऐसे हैं जो एक वर्ष में तकरीबन तीस दिन तक पानी के संकट का सामना करते हैं। संयुक्त राष्ट्र की मानें तो अगले तीन दशक में पानी का उपभोग यदि एक फीसदी की दर से भी बढ़ेगा, तो दुनिया को बड़े जल संकट से जूझना पड़ेगा। जगजाहिर है कि जल का हमारे जीवन पर प्रत्यक्ष तथा परोक्ष प्रभाव पड़ता है। यह भी कि जल संकट से एक ओर कृषि उत्पादकता प्रभावित हो रही है, दूसरी ओर जैव विविधता, खाद्य सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य पर भी खतरा बढ़ता जा रहा है। विश्व बैंक का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के चलते पैदा हो रहे जल संकट से 2050 तक वैश्विक जीडीपी को छह फीसद का नुकसान उठाना पड़ेगा। दुनिया में दो अरब लोगों को यानी 26 फीसदी आबादी को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं है। पूरी दुनिया में 43.6 करोड़ और भारत में 13.38 करोड़ बच्चों के पास हर दिन की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त पानी नहीं है। यूनीसेफ की रिपोर्ट कहती है कि 2050 तक भारत में मौजूद जल का 40 फीसदी हिस्सा खत्म हो चुका होगा। एशिया की 80 फीसदी आबादी खासकर पूर्वोत्तर चीन, पाकिस्तान और भारत इस संकट का भीषण सामना कर रहे हैं। आशंका है कि भारत इसमें सर्वाधिक प्रभावित देश होगा। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार शुद्ध पेयजल से जूझने वाली वैश्विक शहरी आबादी 2016 के 93.3 करोड़ से बढ़कर 2050 में 1.7 से 2.4 अरब होने की आशंका है।

ग्लोबल कमीशन ऑन इकोनॉमिक्स ऑफ वॉटर की रिपोर्ट कहती है कि साल 2070 तक 70 करोड़ लोग जल आपदाओं के कारण विस्थापित होने को विवश होंगे। गौरतलब है दुनिया में दो अरब लोग दूषित पानी का सेवन करने को विवश हैं और हर साल जलजनित बीमारियों से लगभग 14 लाख लोग बेमौत मर जाते हैं। दुनिया में बहुतेरे विकसित देशों में लोग नल से सीधे ही साफ पानी पीने में सक्षम हैं। लेकिन हमारे देश में आजादी के 77 साल बाद भी ऐसा मुमकिन नहीं। केन्द्र और राज्य सरकारें घरों में नल के माध्यम से पीने योग्य पानी की आपूर्ति का दावा करती हैं। हकीकत यह है कि आज भी 5 फीसदी लोग बोतलबंद पानी खरीद रहे हैं। जबकि जल जीवन मिशन ने 2024 तक हर घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा था। यह मिशन और स्थानीय निकाय के जलदाय विभाग की नाकामी है जिसके चलते हर महानगर, शहर –कस्बे में छोटे–छोटे सैकड़ों वाटर बॉटलिंग प्लांट चल रहे हैं जो घर–घर 20–20 रुपये में पानी की बोतल पहुंचा कर लोगों की प्यास बुझा रहे हैं। यदि सभी को शुद्ध पेयजल मुहैया कराना सरकार की मंशा है तो उसे प्राकृतिक जल स्रोतों पर ध्यान देना होगा। इस तथ्य को सरकार भी नजरअंदाज नहीं कर सकती कि देश के सभी जलस्रोत संकट में हैं। तालाब, पोखर, जलाशय बेरुखी के चलते बर्बादी के कगार पर हैं। देशभर में करीब कुल 24,24,540 जल? स्रोत हैं। जिनमें से 97 फीसदी ग्रामीण क्षेत्रों में व केवल 2.9 फीसदी शहरी क्षेत्र में हैं। 45.2 फीसदी जल स्रोतों की कभी मरम्मत भी नहीं हुई। इनमें 16.3 फीसदी जल स्रोत इस्तेमाल में ही नहीं हैं। देश में हजारों जल स्रोतों पर कब्जा है। 55.2 फीसदी जलस्रोत निजी संपत्ति है और 44.5 फीसदी जलस्रोत सरकार के आधिपत्य में हैं। देश में जलस्रोतों की हालत बहुत ही दयनीय है। कहीं वह सूखे हैं, कहीं निर्माण कार्य होने से इस्तेमाल में नहीं हैं, कहीं मलबे से भरे हैं।

इनकी बदहाली में सबसे बड़ा कारण उनका सूखना, सिल्ट जमा होना, मरम्मत के अभाव में टूटते चला जाना है। प्राकृतिक जल स्रोतों तथा नदी, तालाब, झील, पोखर, कुओं के प्रति सरकारी और सामाजिक उदासीनता एवं भूजल जैसे प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन ने स्वच्छ जल का गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। यदि सबको पीने का शुद्ध जल मुहैया कराना है तो प्राकृतिक जलस्रोतों पर ध्यान देना होगा। वर्ल्ड वॉटर रिसोर्स इंस्टिट्यूट की मानें तो देश को हर साल ? करीब तीन हजार बिलियन क्यूबिक मीटर पानी की ज़रूरत होती है। जबकि बारिश से भारत को अकेले 4000 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी मिलता है। भारत सिर्फ आठ फीसदी बारिश के जल का ही संचयन कर पाता है। यदि बारिश के पानी का पूर्णतया संचयन कर दिया जाये तो काफी हद तक जल संकट का समाधान हो सकता है। जल शक्ति अभियान के अनुसार देश में बीते 75 सालों में पानी की उपलब्धता में तेजी से कभी आई है। वर्ष 1947 में हमारे यहां प्रति व्यक्ति सालाना पानी की उपलब्धता 6042 क्यूबिक मीटर थी जो 2021 में 1486 क्यूबिक मीटर रह गयी। इसके अलावा विश्व बैंक के अनुसार देश में हर व्यक्ति को रोजाना औसत 150 लीटर पानी की ज़रूरत होती है लेकिन वह अपनी गलतियों के चलते 45 लीटर रोजाना बर्बाद कर देता है। ऐसी में वर्षा जल संचयन–संरक्षण, प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण, उनका समुचित उपयोग और जल की बर्बादी पर अंकुश ही वह रास्ता है जो इस संकट से छुटकारा दिला सकता है।

## विचार

# पौष्कि खुराक की निर्देशावली का हो पालन

**दिनेश सी. शर्मा**

पिछले सप्ताह हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पौष्टिकता संस्थान –जो कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के तत्वावधान तले देश में सबसे पुरानी अनुसंधान प्रयोगशालाओं में एक है, ने 'भारतीयों के लिए खान–पान दिशा निर्देश' जारी किये हैं। यह दस्तावेज़ हजारों स्वयंभू और तथाकथित विशेषज्ञों द्वारा सोशल मीडिया पर पौष्टिकता, भोजन एवं खुराक को लेकर मचाई जाने वाली चिल्ल–पों के बीच ताज़ी हवा का झोंका बनकर आया है क्योंकि उक्त लोगों की भोजन और पौष्टिकता पर कही अधिकांश बातें भ्रामक और झूठी होती हैं। आलम यह है कि एक ओर खाद्य पदार्थ उत्पादक कंपनियां और घर तक व्यंजन पहुंचाने वाले एप्प आधारित सेवा प्रदाता उपभोक्ता को यकीन दिलवा रहे हैं कि घर का खाना एक पाप है। वहीं फूड–ब्लॉगर हर ऐरे–गैरे रेहड़ी–ढाबे वाले के चीनी, नमक और वसा से भरे ऊलजलूल व्यंजनों को 'असली स्वाद' और 'स्वर्गिक' बताकर महिमामंडित कर रहे हैं। स्वयंभू पौष्टिकता विशेषज्ञ और मशहूर चेहरे अंजान उपभोक्ता को खान–पान का नया चलन बताकर उलझा रहे हैं । फैक्ट्री में बने खाद्य उत्पादों पर 'स्वास्थ्यकर' व 'ताजा' का ठप्पा लगाकर बेचा जा रहा है जबकि सेहत–ताजगी से दूर–दूर तक वास्ता नहीं है।

निस्संदेह, एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा विभिन्न उम्र वर्ग और अंचल के लोगों के लिए प्रमाण–आधारित और तथ्यात्मक खुराक निर्देशावली जारी करना स्वागत योग्य है। लगभग एक सदी से एनआईएन (नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन) भारत में पौष्टिकता और खाद्य संबंधी अनुसंधान कार्य में लगा है और इस विषय में ज्ञान का भंडार है। पौष्टिकता संबंधी लगभग सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम जैसे कि एकीकृत बाल विकास योजना, मिड–डे मील योजना और साल्ट आयोडाइज़ेशन के अलावा पौष्टिकता की कमी के उत्पन्न रोगों का निदान करने वाली योजनाएं एनआईएन द्वारा दिए वैज्ञानिक शोध आधारित परामर्श पर आधारित है। खुराक संबंधी नवीनतम निर्देशावली इस समृद्ध विरासत का एक हिस्सा है। सरसरी तौर पर देखने पर 17 निर्देशों वाला यह परामर्श पुरानी बातें और साधारण सा लगता है, मसलन, विभिन्न भोज्य पदार्थों से युक्त खुराक स्वास्थ्यकर होती है, फल और सब्जियों का सेवन अधिक मात्रा में करें और वसा का उपयोग न कम, न ज्यादा मात्रा में करें। लेकिन इस निर्देशावली की असली ताकत है प्रत्येक निर्देश भारत के संदर्भ में प्रमाण आधारित है। इस संहिता में प्रत्येक आयु–वर्ग के स्वास्थ्य को प्रोत्साहन और बीमारियों की पूर्व–रोकथाम पर जोर दिया गया है, इसमें जहां एक ओर विशेष ध्यान शिशुओं, स्तनपान करवाने वाली महिलाओं और बुजुर्गों पर है तो वहीं अन्य अवयवों की भूमिका जैसे कि शारीरिक गतिविधियां, सुरक्षित पेयजल, साफ–सफाई और पर्यावरणीय पहलुओं पर भी है। इस खुराक परामर्श को भोजन वर्ग और आम भारतीय की खुराक एवं खाद्य अवयवों को आधार बनाकर तैयार किया गया है, जैसे कि, अनाज, दालें, दूध, सब्जियां और फलों का समुचित मात्रा में समावेश कर खुराक तय करना। इस दस्तावेज़ का एक अहम हिस्सा है खाद्य उत्पादों पर लगे लेबल को सही ढंग से पढ़ना और समझना सिखाना। इसमें प्रचलित भ्रामक दावों की असलियत समझाई गई है, जैसे कि पूर्ण प्राकृतिक, असली फल या रस युक्त, पूर्ण अनाज (मिल्लेट), चीनी–मुक्त, कॉलेस्ट्रॉल रहित, स्वास्थ्य–मित्र, जैविक, कम–वसा युक्त इत्यादि अर्धसत्य शब्दों का प्रयोग करना। अतएव लोगों के मन में बैठायी गई गलत धारणा के आलोक में एनआईएन जैसे प्रमाणिक संस्थान द्वारा लेबल को सही अर्थों में समझाना बहुत महत्वपूर्ण बन जाता है। इन दिशा–निर्देशों का बृहद संदर्भ है भारत में इन दिनों बीमारियों द्वारा नया रूप धरने की प्रक्रिया। देश के समक्ष जहां कुपोषण और अल्पपोषण रूपी समस्या है तो दूसरी ओर मोटापा और अति–मोटापा। अनुमान है कि भारत में बीमारियों के कुल बोझ के पीछे 56.5 फीसदी कारक गलत खुराक है। व्याधियों में अधिकतर हिस्सा मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग का है। शारीरिक गतिविधियों में बढ़ोतरी के साथ स्वास्थ्यकर भोजन लेने से हृदय संबंधी अवस्था, रक्तचाप और मधुमेह टाइप–2 जैसी बीमारी को काफी हद तक घटाया जा सकता है। एनआईएन का सर्वेक्षण बताता है कि 1–19 साल आयु–वर्ग में काफी संख्या अब उनकी है जिनमें उम्र से पहले गैर–संक्रमित रोग जैसे कि मधुमेह और उच्च–रक्तचाप देखने को मिल रहे हैं। कुपोषित एवं अल्प–पोषित और सामान्य वृद्धि वाले बच्चों की आधी संख्या में मैटाबॉलिक बायोमार्कर्स का मिलना चिंता का विषय है। हमारी रोजमर्रा की खुराक मूलतः नाकाफी है। मसलन, भारतीयों की रोजाना की खाद्य ऊर्जा जरूरत (2000 कैलोरी) में सामान्यतः ग्राह्य भोजन में अनाज (चावल, गेहूं, मोटा अन्न) की मात्रा कायदे से 45 फीसदी तक होनी चाहिए, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि इनका अंश 50–70 प्रतिशत तक है।

## एक नजर

### गायत्री शक्तिपीठ में व्यक्तित्व परिष्कार सत्र का आयोजन

**सहरसा।** गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को व्यक्तित्व परिष्कार सत्र को संबोधित कर डॉक्टर अरुण कुमार जायसवाल ने कहा कि इस संसार में एक होती है प्रकृति और एक होती है नियति, एक होती है गति और एक होता है गंतव्य । प्रकृति यानी हमारा स्वभाव हमारा नेचर। हमें बचपन बहुत सुहाना लगता है। हमें माता-पिता, गुरुजनों का प्यार बहुत अच्छा लगता है हमें रिश्ते बहुत अच्छे लगते हैं। किंतु यह ठहरते नहीं है। कोई भी मां अपने बच्चों को कितना भी प्यार कर ले,किंतु कोख में ठहरा नहीं सकती। डॉक्टर जायसवाल ने कहा जब यह सब हमारे जीवन में ठहर नहीं सकते तो समाधान क्या है। समाधान है हमारी यादें, हमारी बातें और हमारे बीच की भावनाएं बरकरार रहनी चाहिए। अतीत तो ठहरा हुआ है लेकिन वर्तमान को ठहरा नहीं सकते लेकिन वर्तमान को खूबसूरत बनाकर उसे यादगार बना सकते हैं। हमारा बचपन कहीं भाग नहीं गया है, जो था, वह है लेकिन हम वर्तमान को ठहरा नहीं पाएंगे वर्तमान जब अतीत बनेगा तो उसमें खूबसूरत पल डाल सकते हैं। हमारे मन में यह सदैव रहना चाहिए कि कोई भी चीज हमेशा रहने या ठहरने वाला नहीं है इसलिए हम जहां हैं वहां हमेशा हमें अच्छा करना चाहिए और हड़पने या हथियाने का प्रयास नहीं करना चाहिए। ऐसे में यदि कुछ छूटता है तो संतुष्टि भाव से छूटता है। उन्होंने कहा जीवन में बहुत कुछ सीखने की जरूरत नहीं है केवल प्रेम और ईमानदारी सीख जाए, सब हो जाएगा। प्रेम और ईमानदारी के अलावा दुनिया में कुछ भी सीखने की जरूरत नहीं है। यह मातृ दिवस या परिवार दिवस इन्हीं सब चीजों को जीवन में उतारने के लिए मनाया जाता है। इसी क्रम में उन्होंने आगे कहा आज परिवार व्यवस्था के समाप्त होने के लक्षण हैं। लिव इन रिलेशनशिप कमिटमेंट से बचने का तरीका।

### जेएसएफ के जिलाध्यक्ष मन्नु रिस्की और जिला संयोजक प्रशांत मिश्रा मनोनीत

**सहरसा।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन उत्तर बिहार के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने रविवार को राष्ट्रीय नेतृत्व के सहमति से जिला ईकाई का गठन करते हुए 46 सदस्यीय कार्यकारिणी का घोषणा किया है। सहरसा जिला के लिए वर्तमान सहरसा भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मन्नु रिस्की को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के सहरसा जिला अध्यक्ष व संयोजक प्रशांत मिश्रा को मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार द्वारा जारी सूची में मधेपुरा के लिए इंद्रभूषण कुमार, सुपौल के लिए राजेश सिंह को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया हैं। फाउंडेशन द्वारा जारी एक प्रेस बयान में कहा गया हैं कि दायित्व निर्धारण समिति द्वारा मन्नु रिस्की को सहरसा जिलाध्यक्ष पद पर किये गए मनोनयन से जिला के कार्यकर्ता ना सिर्फ हर्षित है बल्कि पूरी तरह आशान्वित है कि उनके सक्रिय योगदान व उनके कुशल नेतृत्व में बिहार सहित पूरे देश फाउंडेशन के कार्य को और सुदृढ करने में मदद मिलेगा फाउंडेशन पदाधिकारियों ने मनोयन के लिए फाउंडेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सहित सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया है। इस मौके पर नव मनोनीत राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश अध्यक्ष को बधाई देने वालों में राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर विमल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सुमन,प्रदेश सचिव संजीव भगत, भाजपा प्रदेश किसान सलाहकार हिरेन्द्र मिश्र, भाजपा जिला मंत्री पंकज पाठक, मण्डल अध्यक्ष बी एन साहनी, क्रांतिवीर कुन्दन, अमित कुशवाहा, लाडली रिस्की, मोनू बाबू, राहुल राजा, विक्रम सहित दर्जनों लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### स्वतंत्र निर्भीक निष्पक्ष शान्तिपूर्ण चुनाव को जिला प्रशासन कृतसंकल्पित : डीएम



**मधुबनी।** संसदीय क्षेत्र मधुबनी में मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रविवार को सभी मतदान केन्द्रों के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्थित इन्तजाम के साथ इवीएम लेकर प्रतिनियुक्त कर्मियों को भेजा गया। मधुबनी संसदीय क्षेत्र में सोमवार सुबह सात बजे से मतदान प्रारम्भ होना सुनिश्चित है। मधुबनी संसदीय क्षेत्र के सभी छह विधान सभा के मतदाताओं द्वारा सोमवार को उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान होना है। मधुबनी लोक सभा अन्तर्गत क्रमश: छह विधानसभा क्षेत्रों बिस्फी,बेनीपट्टी,हरलाखी,मधुबनी सदर व जाले, केवटी सन्निहित हैं। केवटी व जाले विधान सभा दरभंगा जिला अन्तर्गत है। डीएम अरविन्द कुमार वर्मा ने अधीनस्थ अधिकारियों व निर्वाचन कोषांग की जायजा लिया। मधुबनी संसदीय क्षेत्र में सोमवार सुबह से मतदान प्रारम्भ होना है। डीएम अरविन्द कुमार ने कहा कि स्वतंत्र निर्भीक निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव को जिला प्रशासन कृतसंकल्पित है।डीएम ने रविवार को सभी बूथों की सघन समीक्षात्मक तैयारियां की जानकारी लिया। सूत्रानुसार एसपी सुशील कुमार ने नेपाल वोर्डर सहित सुदूर ग्रामीण परिवेश के थानाध्यक्षों को सुरक्षा का सख्त निर्देश दिया।

### ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा में 24 घंटे तैनात रहते है अर्द्धसैनिक बलों के जवान

**किशनगंज।** बाजार समिति के वज्रगृह में ईवीएम व वीवीपैट की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।सुरक्षा के मद्देनजर कई स्तर पर की गई व्यवस्था की पड़ताल भी बीच बीच मे एसपी के द्वारा की जा रही है। स्थल के पास सुरक्षा कड़ी है। वही ईवीएम व वी वीपैट की सुरक्षा में 24 घण्टे अर्द्घसैनिक बलों के जवान तैनात रहते हैं। जवानों की अलग अलग शिफ्ट में डियूटी लगायी जाती है। स्थल के पास सुरक्षा ऐसी है की परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। गौर करे कि 4 जून को मतगणना है। मतगणना के दिन ही कड़ी सुरक्षा के बीच व्रजगृह को खोला जाएगा। इससे पहले वहां किसी को भी जाने की अनुमति नहीं है। किशनगंज लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को हुए दूसरे चरण के चुनाव के बाद पहले दिन से लेकर अब तक डीएम तुषार सिंगला व एसपी सागर कुमार लगातार स्थल का मुआयना कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। वही वज्रगृह में जिस स्थान पर ईवीएम रखा गया है। वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। स्थल के चारों ओर अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है।वज्रगृह की सुरक्षा थ्री लेयर में है। स्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। परिसर में किसी को भी भटकने की अनुमति नहीं है। एसडीएम लतिफुर रहमान, एसडीपीओ गौतम कुमार व सदर थानाध्यक्ष संदीप कुमार भी व्यवस्था का जायजा लेते रहते हैं।

## पांचवें चरण की दो सीट पर राजग और दो पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पहली बार सांसद बनने को बेताब

**पटना,एजेंसी।** बिहार में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में दो संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और हाजीपुर (सु) और सारण में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पहली बार सांसद बनने के लिये जोर-आजमाईश कर रहे हैं।




बिहार लोकसभा चुनाव में पांचवें चरण का मतदान 20 मई को हाजीपुर (सु) मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, सारण और मधुबनी में होने जा रहा है। वर्ष 2019 में इन सभी सीटों पर राजग के प्रत्याशी ने जीत हासिल की थी। हाजीपुर (सु) सीट से राजग में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के टिकट पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिवंगत रामविलास पासवान के भाई पशुपति कुमार पारस, मुजफ्फरपुर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अजय निषाद, सीतामढ़ी से जनता दल यूनाईटेड (जदयू) प्रत्याशी पूर्व मंत्री सुनील कुमार पिंटू, सारण से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी और मधुबनी से पूर्व केन्द्रीय मंत्री हुकुमदेव नारायण यादव के पुत्र भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार यादव सांसद बने। राजग ने इस बार के चुनाव में हाजीपुर (सु), मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी संसदीय सीट से अपने वर्तमान सांसदों को बेटिकट कर दिया जबकि सारण और मधुबनी में अपने वर्तमान सांसदों को ही सियासी रणभूमि में उतारा है। हाजीपुर से चुनाव लड़ रहे चिराग पासवान जमुई और मुजफ्फरपुर से अजय निषाद वर्तमान सांसद हैं। वहीं, सीतामढ़ी से अर्जुन राय और मधुबनी से चुनाव लड़ रहे अली अशरफ फातमी सांसद रह चुके हैं। राजग के घटक दल भाजपा के टिकट पर मुजफ्फरपुर संसदीय सीट से राजभूषण निषाद चुनावी संग्राम में उतरे हैं। श्री राजभूषण सांसद बनने के लिये जोर-आजमाइश कर रहे हैं। हालांकि श्री राजभूषण निषाद ने वर्ष 2019 में भी महागठबंधन के घटक दल विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था लेकिन उन्हें भाजपा के अजय निषाद ने पराजित कर दिया था। इस बार जहां श्री राजभूषण वीआईपी छोड़ भाजपा में शामिल हुये हैं। वहीं अजय निषाद भाजपा की ओर से टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर कांग्रेस में शामिल हो गये। इस बार के चुनाव में भी दोनों प्रतिद्वंदी आमने-सामने हैं।मुजफ्फरपुर संसदीय सीट से भाजपा, कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी ,ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन, समेत 26 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। सीतामढ़ी संसदीय सीट से राजग ने श्री सुनील कुमार पिंटू को बेटिकट कर उनकी जगह बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को चुनावी दंगल में उतारा है। देवेश चंद्र ठाकुर पहली बार लोकसभा के चुनावी रण में अपना भाग्य आजमां रहे हैं। वहीं, राजद ने पूर्व सांसद अर्जुन राय पर ही भरोसा जताते हुये उम्मीदवार बनाया है।

श्री राय ने वर्ष 2009 में सीतामढ़ी से ही जदयू के टिकट पर जीत हासिल की थी।सीतामढ़ी संसदीय सीट से जदयू राजद, बहुजन समाज पार्टी समेत 14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। वहीं इंडिया गठबंधन के घटक दल राजद के टिकट पर हाजीपुर (सु) से पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम चुनावी रणभूमि में ताल ठोक रहे हैं। शिवचंद्र राम हाजीपुर (सु) सीट पर जीत के लिये कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इससे पूर्व 2019 में भी शिवचंद्र राम ने राजद के टिकट पर हाजीपुर (सु) से अपनी किस्मत आजमायी थी लेकिन उन्हें लोजपा प्रत्याशी पशुपति कुमार पारस ने पराजित कर दिया था। इस बार के चुनाव में राजद प्रत्याशी शिवचंद्र राम का मुकाबला राजग के घटक दल लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) प्रत्याशी जमुई सांसद चिराग पासवान से होगा।हाजीपुर संसदीय सीट से लोजपा (रामविलास), राजद, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) समेत 14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। सारण संसदीय सीट से राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की पुत्री डा. रोहिणी आर्चाया पहली बार चुनावी संग्राम में उतरी है। राजद प्रत्याशी डा. रोहिणी आचार्य सारण संसदीय सीट पर अपना कब्जा जमाने के लिये बेताब हैं,जहां उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी से होगा। सारण संसदीय सीट से भाजपा,राजद, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) समेत 14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। मधुबनी संसदीय सीट से पूर्व केन्द्रीय मंत्री हुकुमदेव नारायण के पुत्र भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार यादव इस बार के चुनाव में भी चुनावी अखाड़ा मे ताल ठोक रहे हैं। वहीं राजद ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी को चुनावी रणभूमि में उतारा है। श्री फातमी दरभंगा ससंदीय सीट पर चार बार सांसद रह चुके हैं। मधुबनी संसदीय सीट से भाजपा, राजद, बहुजन समाज पार्टी ,ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन, समेत 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। पांचवे चरण के चुनाव में कुल 80 प्रत्याशी चुनावी मैदान में जीत के इरादे से अपनी-अपनी किस्मत आजमायेंगे। हालांकि बाजी किसके नाम होगी यह तो 04 जून को नतीजे आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।

## अंतरराज्यीय चोरों के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश, आठ बदमाश गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले के बाईपास थाना अन्तर्गत अंतर्राज्यीय चोरों का एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करने में पुलिस को सफलता मिली है। बाइक, लैपटॉप, एलईडी टीवी, आभूषण, मूर्ति, मोबाईल, छेनी, स्क्रू ड्राईवर, भारी मात्रा में कपड़े एवं अन्य सामान के साथ 08 व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी विधि व्यवस्था डीएसपी चंद्रभूषण कुमार ने रविवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि बीते 17 की रात्रि में भागलपुर पुलिस को सूचना मिली की बाईपास थाना अन्तर्गत बाईपास ढाबा के उतर बगीचा में अपराध के उद्देश्य से कुछ व्यक्ति जमा हुए हैं। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के नेतृत्व में एक टीम बनाया गया। उक्त टीम ने छापेमारी करते हुए 03 बाइक, 01 लैपटॉप, 01 एलईडीटीवी, चाँदी का आभूषण, पीतल की मूर्ति, 07 मोबाईल, छेनी, स्क्रू ड्राईवर, भारी मात्रा में कपड़े एवं अन्य सामान के साथ 08 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में बाईपास थाना में सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में वासुकी भगत, मन्नु साह, मो काले, मो0 तबरेज उर्फ वैज्ञानिक, मो0 शहबाज उर्फ छोटू, रंजीत साव, अरविन्द कुमार और संजय चौधरी शामिल है। गिरफ्तार मो0 काले का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ बरारी थाना में दो मामले दर्ज हैं। उक्त बदमाशों की गिरफ्तारी से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में हुए चोरी के लगभग आधा दर्जन मामले का खुलासा हुआ है।

### मां आनंदी संस्था ने स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भागलपुर।** मां आनंदी संस्था के द्वारा रविवार को सैंडिस कंपाउंड परिसर में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। कि मां आनंदी संस्था विगत कई वर्षों से महिला उत्थान एवं अन्य सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते आ रही है। लोगों को स्वरोजगार, कन्या विवाह, वृक्षारोपण, पर्यावरण सुरक्षा, मेडिकल कैंप आदि कार्य कर लोगों को लाभान्वित करने का काम कर रही है। उसी कड़ी में आज मां आनंदी संस्था ने स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर शंखनाद के साथ स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम चलाया। सभी महिलाओं ने संस्था की संस्थापिका प्रिया सोनी के सानिध्य में एरोबिक कर स्वास्थ्य लाभ लिया और लोगों को जागरुक करते हुए योग एक्सरसाइज एवं एरोबिक्स करने की अपील की। मौके पर संस्था की संस्थापिका प्रिया सोनी ने कहा कि सैकड़ों महिलाएं कार्यक्रम में स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं। यहां पर ताली वर्कआउट, भजन, शंख एवं घंटी ध्वनि के साथ व्यायाम कराया जाता है। उन्होंने कहा कि शंख और घंटी सिर्फ पूजा के लिए नहीं बल्कि इसके उनके वैज्ञानिक महत्व भी हैं। आयुर्वेद और वैज्ञानिक की माने तो शंखनाद से सकारात्मक ऊर्जा का सृजन होता है। जिससे आत्मबल में वृद्धि होती है। शंख में प्राकृतिक कैल्शियम, गंधक और फास्फोरस की भरपूर मात्रा होती है। शंख से मुख के तमाम रोगों का नाश होता है। फेफड़ों को भी तंदुरुस्त रखता है। एरोबिक में शामिल कई महिलाओं से एरोबिक से होने वाले लाभ को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि अर्थराइटिस, गैस बनना, सर दर्द, बीपी, वजन नियंत्रण, माइग्रेन जैसे कई बीमारियों से हम लोगों को लाभ मिला है।

## राजग को विकास की बदौलत बिहार में 40 और देश में 400 से अधिक सीटें मिलेंगी : नीतीश कुमार

**पटना,एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को गोपालगंज में राजग उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में देश में बहुत विकास हुआ है। इसकी बदौलत बिहार में 40 सीटें और देश में 400 से अधिक सीटें राजग को मिलेंगी। इसके साथ एक बार फिर नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। सीएम ने कहा कि 2005 के पहले जब भाजपा-जदयू की सरकार प्रदेश में नहीं थी तो वे लोग केवल आपका वोट लेते रहे लेकिन कुछ नहीं किया। दंगा-फसाद कराया। वर्ष 2005 के बाद जब भाजपा और जदयू की सरकार प्रदेश में आई तब अमन-चैन और तरक्की का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने कहा कि आप लोग यदि फिर से विपक्षी दलों के लोगों को वोट करिएगा तो फिर से वह लोग गड़बड़ी करेंगे और विकास के काम को नहीं होने देंगे।




नीतश ने लालू प्रसाद यादव पर तंज कसते हुए कहा कि वे केवल अपने परिवार को आगे बढ़ाने में लगे रहे जबकि पूरा बिहार मेरा परिवार है। उन्होंने कहा कि उनको 15 साल राज करने को मिला, इन लोगों ने कुछ नहीं किया। लालू यादव सात साल राज करने के बाद जेल जाने लगे तो अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री के पद पर बैठा दिए। कोई काम नहीं किया। फिर अपने दोनों बेटों को विधायक बना दिया। लालू यादव ने केवल अपने बेटे-बेटियों को आगे बढ़ाने का काम किया है। नीतीश ने कहा कि भाजपा के साथ मिलकर हम काम करेंगे। देश और राज्य का विकास करेंगे। उन्होंने जिले में हो रहे विकास कार्यों को भी गिनाया। साथ ही जिले में एक इंजीनियरिंग कॉलेज, दो पॉलीटेक्निक कॉलेज, तीन आईटीआई और गोपालगंज सदर अस्पताल में बन रहे अत्याधुनिक हॉस्पिटल को विकास का प्रतीक बताया। जनसभा को राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा और मंत्री विजय कुमार चौधरी ने भी संबोधित किया।

## विश्व हिन्दू परिषद जिला इकाई की बैठक में संगठन पर चर्चा आयोजित

**सहरसा,एजेंसी।** नगर के डीबी रोड स्थित पूजा बैंक्वेट हॉल में रविवार को विश्व हिंदू परिषद जिला इकाई की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष पंपल सिंह ने किया। बैठक का प्रारंभ एकात्मता मंत्र एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। दीप प्रज्वलन प्रांत उपाध्यक्ष कामेश्वरी देवी ने की।बैठक में सैकड़ों स्वयंसेवक शामिल हुए। स्वयंसेवकों के समक्ष युवाओं के स्वरोजगार की ओर प्रेरित करने के लिए जिलाध्यक्ष ने संगठन के सदस्यों में एक दूसरे के लिए समर्पण की भावना के कार्य करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में प्रांत विधि सह प्रमुख एवं कोसी विभाग मंत्री शारदाकांत ने कहा कि हमें आवश्यकता है कि संगठन के उद्देश्यों को जन जन तक पहुंचाएं एवं समाज के हर तबके तक संगठन के माध्यम से लाभ पहुंचाए।




जिला मंत्री प्रणव मिश्र ने बताया कि अपने स्थापना काल से ही विश्व हिंदू परिषद ने अनेक कार्य किए हैं। जो राष्ट एवं समाज के उत्थान के लिए आवश्यक हैं। राम मंदिर एवं अमरनाथ यात्रा उनमें प्रमुख हैं। जिला सह मंत्री अभिषेक सिंह ने बैठक का संचालन किया एवं संगठन की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बजरंग दल आने वाले समय में संवैधानिक रूप से नगर निगम क्षेत्र स्थित श्मशान घाट को सुचारू करने के लिए प्रयास करेगा। ऐसा नहीं हुआ तो बजरंग दल द्वारा आगामी दिनों आंदोलन किया जायेगा।संगठन का कर्तव्य मठ मंदिरों, सनातन आयामों की देखभाल एवं सुरक्षा करना है। आने वाले समय में जिला स्थित सभी छोटे बड़े मठ मंदिरों की देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। जहां भी गौशाला एवं मंदिर से जुड़े किसी भी ट्रस्ट की संपत्ति का अतिक्रमण किया गया है। उसको मुक्त कराने के लिए आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे। कार्यक्रम में विहिप कोषाध्यक्ष कुंदन सिंह, जिला उपाध्यक्ष अमित राय, जिला सहमंत्री अमित कुमार, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख राज सिंह, जिला अखाड़ा प्रमुख मानस मिश्रा, बजरंग दल सह संयोजक पुनीत आनंद, सह संयोजक शंभू राय, उपाध्यक्ष आजाद जायसवाल, मोनू सिंह, कुंदन सिंह, चिंटू पोद्दार सहित बड़ी संख्या में विहिप कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डायरिया से नवादा के बलवापर गांव में महिला की मौत, दर्जनों आक्रांत

**नवादा।** जिले में वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के बलवापर-मंजौर गांव में डायरिया ने महामारी का रूप धारण कर लिया है। इसकी चपेट में आने से रविवार को एक महिला की मौत होने की खबर है, जबकि 60-70 लोग आक्रांत होकर इलाजरत हैं। कई दिनों से लोग इसकी चपेट में आ रहे थे। लेकिन रविवार से इस बीमारी से प्रभावितों की संख्या बढ़ने लगी। जब ज्यादा लोग इसकी चपेट में आए तो सूचना पीएचसी को दी गई। रविवार की दोपहर बाद पीएचसी वारिसलीगंज से मेडिकल टीम गांव पहुंच राहत-बचाव के काम में जुट गई है। ग्रामीण सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उर्मिला देवी पति दशरथ यादव की मौत डायरिया से हुई है। जबकि 60-70 लोग इसकी चपेट में हैं। सुबह से ही पीएचसी वारिसलीगंज को सूचना दी जाती रही। लेकिन फौरी तौर पर इलाज की व्यवस्था नहीं की गई। जो लोग चपेट में आए हैं। यत्र-तत्र अपना इलाज करा रहे हैं। डायरिया का प्रसार कैसे हुआ इसके बारे में ग्रामीण कुछ बताने की स्थिति में



नहीं हैं। गांव में न तो कोई सामूहिक भोज हुआ है, न ही पूजा-पाठ का प्रसाद ही वितरित हुआ है। पानी भी लोग नल-जल आपूर्ति योजना का पी रहे हैं। मेडिकल टीम जांच-पडताल के बाद किसी निष्कर्ष पर पहुंचेगी। वैसे, संभव है कि हीट वेव से लोग प्रभावित हुए हों। फिलहाल, मेडिकल टीम गांव में कैंप कर पीड़ितों का इलाज कर रही है। गांव में मौजूद पीएचसी प्रभारी डॉ आरती अर्चना का कहना है कि किसी मरीज में डायरिया का प्रारंभिक लक्षण नहीं दिख रहा है। जो भी बीमार सामने आए हैं सभी अलग-अलग समस्याएं बता रहे हैं। गर्मी के कारण ऐसा हो सकता है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारी से बेहतर मेडिकल टीम भेजकर इलाज करने के लिए मांग की है।

## अररिया में गला रेत एवं पेट में चाकू घोंपकर हत्या, सोशल मीडिया पर डाली शव की तस्वीर

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया के त्रिशूलिया घाट के पास एक युवक का गला रेता हुआ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वही, देखते ही देखते मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार की अहले सुबह कुछ स्थानीय लोग शहर के त्रिशूरिया घाट स्थित परमान नदी के तट पर पहुंचे। उन्होंने एक युवक के शव को देखा, जिसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई।



स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक के गले को रेत दिया गया है। साथ ही युवक के सीने में कई जगह चाकू से वार किया गया है। इसके बाद घटना की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा नगर थाना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची नगर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची नगर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। स्नस्रु एवं स्वान-दस्ता की टीम पहुंच कर घटना की जांच कर रही है। वही, घटना की सूचना पर अररिया एसपी अमित रंजन भी घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने बताया कि शव को देखने से प्रतीत हो रहा है की चाकू गोद कर हत्या की गई है। शव की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से मृतक की फोटो सर्कुलेट की जा रही है। पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## एक नजर

### इजरायली सेना ने गाजा में तीन बंधकों के शव किए बरामद




**यरुशलम, एजेंसी।** इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) और इजरायली सुरक्षा एजेंसी (आईएसए) ने एक संयुक्त अभियान में गाजा पट्टी में तीन इजरायली बंधकों के शव बरामद किए हैं। आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने हगारी के हवाले से बताया, पिछले साल 7 अक्टूबर को नोवा रेव पार्टी में हमास के हमले के दौरान तीन इजरायली शनि लौक, अमित बुस्किला और इत्जिक गेलेंटर का अपहरण कर बेरहमी से हत्या कर दी गई, और उनके शवों को गाजा पट्टी ले जाया गया। आईडीएफ ने शुक्रवार को कहा कि यह ऑपरेशन गाजा पट्टी में गिरफ्तार किए गए हमास आतंकवादियों की जांच और सैन्य खुफिया निदेशालय द्वारा प्रदान किए गए खुफिया जानकारी पर आधारित था। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस खबर को दिल दहला देने वाला बताया और कहा, हम अपने सभी बंधकों, जीवित और मृत सभी को वापस लेंगे। इजरायल के अनुसार, गाजा पट्टी में अनुमानित 129 बंधक कैद में हैं, जिनमें से कुछ अब जीवित नहीं हैं।

### गाजा युद्ध मुद्दे पर कैलिफोर्निया विवि के प्रेसिडेंट ने दिया इस्तीफा



**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** कैलिफोर्निया में सोनोमा स्टेट यूनिवर्सिटी (सीएसयू) के प्रेसिडेंट मिंग-तुंग माइक ली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। एक दिन पहले ही सीएसयू के अधिकारियों ने उन्हें छुट्टी पर भेज दिया था। दरअसल माइक ली ने घोषणा की थी कि संस्थान इजरायल से शैक्षणिक और वित्तीय संबंधों को तोड़ लेगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सीएसयू चांसलर मिल्ड्रेड गार्सिया ने कहा कि ली ने उन्हें सेवानिवृत्त होने के अपने फैसले के बारे में सूचित किया है, उन्होंने ली की कार्रवाई को अवज्ञा करार दिया और गुरुवार को एक एक्टिंग प्रेसिडेंट नामित किया। गार्सिया ने गुरुवार को एक बयान में कहा, सीएसयू का मिशन उन सभी के लिए एक समावेशी संस्थान नाना है जिनकी हम सेवा करते हैं, न कि एक समुदाय को दूसरे समुदाय से अलग करना। दरअसल विश्वविद्यालय के कैंपस में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन चल रहा था। इसी को लेकर माइक ली ने फिलिस्तीनी समर्थक छात्रों से एक समझौता किया था, जो परिसर में कैंप लगाए हुए थे। उन्होंने बुधवार शाम को सार्वजनिक रूप से माफी मांगी और कहा कि उन्होंने सीएसयू लीडर्स की मंजूरी के बिना काम किया। 28 साल तक सैक्रामेंटो स्टेट यूनिवर्सिटी में एडमिनिस्ट्रेटर और बिजनेस प्रोफेसर के रूप में काम करने के बाद माइक ली दो साल से भी कम समय से सोनोमा स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट थे।

### बाइडन के सुरक्षा सलाहकार सऊदी अरब, इजरायल के दौरे पर




**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन सऊदी अरब और इजरायल की यात्रा पर हैं। अमेरिकी सुरक्षा परिषद के संचार निदेशक जॉन किर्बी ने वाशिंगटन में घोषणा की कि सुलिवन शनिवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात करेंगे। बैठक में सुलिवन क्षेत्र में स्थायी शांति और सुरक्षा के लिए चल रहे प्रयासों पर चर्चा करेंगे। रविवार को, सुलिवन इजरायल जायेंगे और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। किर्बी के मुताबिक, गाजा पट्टी में युद्ध, वहां की मानवीय स्थिति और सभी बंधकों को रिहा करने के समझौते पर बातचीत होगी।

### अमेरिका में तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो सकता है : ट्रम्प

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आशंका जतायी है कि राष्ट्रपति चुनाव से पहले देश के अक्षम नेतृत्व के कारण तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है। श्री ट्रम्प ने मिनेसोटा राज्य में कहा, जिस तरह के मूर्ख लोग इस देश को चला रहे हैं, उससे बहुत से लोग नहीं बचेंगे क्योंकि आज हथियारों की शक्ति बहुत भयंकर है। हम अगले पांच महीनों में तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकते हैं क्योंकि हमारा नेतृत्व अक्षम है। जिस तरह से देश को चलाने वाले लोग है, उससे जाहिर होता है कि देश बहुत जल्दी तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकता है। श्री ट्रम्प ने कहा कि अगर वह देश के राष्ट्रपति होते तो न तो रूस-यूक्रेन संघर्ष और मध्य-पूर्व युद्ध नहीं होता और ना ही महंगाई बढ़ती। उल्लखनीय है वर्ष 2024 का अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव 60वां चुनाव होगा। यह चुनाव पांच नवंबर को होगा। मतदाता चार साल की अवधि के लिए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव करेंगे।डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य, मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन फिर से चुनाव लड़ रहे हैं और रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से श्री ट्रंप लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लडेंगे।

# भारत, ब्रिटेन ने रणनीतिक वार्ता में मुक्त व्यापार समझौते को लेकर प्रतिबद्धता की पुष्टि की




**लंदन, एजेंसी।** भारत और ब्रिटेन ने यहां वार्षिक 'भारत-ब्रिटेन रणनीतिक वार्ता' में मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों देशों ने पिछली समीक्षा के बाद से वर्ष 2030 से जुड़े प्रारूप की दिशा में हुई ''अच्छी प्रगति'' पर विचार किया।

ब्रिटेन की यात्रा पर गए विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने शुक्रवार को अपने समकक्ष विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) में स्थायी अवर सचिव सर फिलिप बार्टन के साथ बैठक की। इस बैठक के बाद एफसीडीओ ने बताया कि दोनों नेताओं ने पिछले साल जनवरी में हुई रणनीतिक वार्ता के बाद से 'ब्रिटेन-भारत 2030 प्रारूप' पर हुई प्रगति की समीक्षा की और वे द्विपक्षीय सहयोग के अगले चरण को लेकर उत्सुक हैं। एफसीडीओ ने एक बयान में कहा, ''दोनों ने पिछली समीक्षा के बाद से 2030 से जुड़े प्रारूप की दिशा में हुई अच्छी प्रगति पर विचार किया। उन्होंने उन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान दिया जहां ब्रिटेन और भारत ने दुनिया की कुछ सबसे बड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम किया है। बयान के मुताबिक, इसमें दुनिया के पहले मलेरिया टीके पर सहयोग करना, भारत की सफल जी20 अध्यक्षता को लेकर मिलकर काम करना और 'माइग्रेशन एंड मोबिलिटी पार्टनरशिप' के तहत छात्रों और उद्यमियों के लिए अवसर बढ़ाना शामिल है। इसमें कहा गया कि वार्ता में पारस्परिक रूप से लाभप्रद मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता और रक्षा सहयोग बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्धता जताई गई। इसके पहले लंदन में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि क्वात्रा ने ब्रिटेन के रक्षा खरीद मंत्री जेम्स कार्टलिज के साथ भी एक 'सार्थक बैठक' करके उनके साथ भारत-ब्रिटेन रक्षा क्षमता सहयोग पहलों और भविष्य में सहयोग के तरीके पर चर्चा की। भारतीय विदेश सचिव से मुलाकात के बाद दक्षिण एशिया के एफसीडीओ मंत्री लॉर्ड तारिक अहमद ने कहा, ''भारत के साथ सहयोग को गहरा करने की ब्रिटेन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करने के लिए लंदन में भारतीय विदेश सचिव क्वात्रा की मेजबानी करते हुए हमें खुशी हो रही है।'' अहमद के कार्यालय ने कहा कि वार्ता में एफटीए, प्रवासन और राष्ट्रमंडल पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा, ''मैं व्यापार, रक्षा, जलवायु और स्वास्थ्य पर एक साथ काम करते हुए हमारे संबंधों के और मजबूत होने की उम्मीद करता हूं।'2030 प्रारूप' वर्ष 2021 में भारत और ब्रिटेन के बीच तय किया गया था और इसमें वर्ष 2030 तक स्वास्थ्य, जलवायु, व्यापार, शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और रक्षा पर सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धताएं शामिल हैं। भारत और ब्रिटेन एफटीए पर 13 दौर की वार्ता कर चुके हैं और इसका 14वां दौर जनवरी में शुरू हुआ। इस समझौते में 26 अध्याय हैं, जिनमें वस्तु, सेवाएं, निवेश और बौद्धिक संपदा अधिकार शामिल हैं। भारतीय

## विश्वविद्यालय में तलवार लेकर घूमता दिखा शख्स, हंगामे के बीच भारी संख्या में पहुंचा सशस्त्र बल

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के मैनचेस्टर मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी में हंगामा खड़ा हो गया। खबर मिली थी कि एक शख्स तलवार लेकर विश्वविद्यालय के सिटी सेंटर में खड़ा है। इस पर ही बवाल मच गया। फिर क्या था एक के बाद एक पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंचने लगी। सशस्त्र इकाइयों समेत बड़ी संख्या में पुलिस पहुंची। बाद में पता चला कि सभी को गलतफहमी हुई थी।

दरअसल, एक छात्र नकली तलवार से थिएटर में रिहर्सल कर रहा था। वह अचानक तलवार लेकर बाहर आ गया। वहां मौजूद एक शख्स ने चिंता जताते हुए पुलिस को शिकायत दे दी। तत्परता दिखाते हुए भारी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस (जीएमपी) के प्रवक्ता ने बताया, %आज सुबह ग्रॉसवेनर स्ट्रीट पर एक इमारत में हथियारबंद अधिकारियों को बुलाया गया, क्योंकि खबर मिली थी कि एक पुरुष तलवार लेकर खड़ा है। बाद में अधिकारियों को पता चला कि तलवार नकली थी। उसे लकड़ी से बनाया हुआ था। इसे महज नाटक के लिए बनाया गया था। अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही पता चल गया था कि तलवार लकड़ी की है। गलतफहमी के चलते सूचना दी गई। पुलिस और विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मचारियों के बीच इस मुद्दे को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया। गौरतलब है, पिछले महीने की अंत में ब्रिटेन की राजधानी लंदन के हैनॉल्ट इलाके के पास 36 साल के युवक ने लोगों पर तलवार से हमला कर दिया था। हमले में 13 साल के एक लड़के की मौत हो गई थी। चार लोग घायल हुए थे, इनमें दो पुलिस अधिकारी शामिल थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। मैट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया था कि लोकल समय के मुताबिक सुबह सात बजे पुलिस को थर्लो गॉर्डन इलाके में एक गाड़ी के घर में घुसने की सूचना मिली थी। साथ ही यह भी बताया गया था कि शख्स ने कई लोगों पर हमला किया है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी का पीछा करते वक्त उसने पुलिस अफसरों पर भी तलवार से हमला किया। हालांकि, बाद में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

## दुनिया में भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र बहुत कम हैं: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए भारत के लोगों की प्रशंसा करते हुए शुक्रवार को कहा कि दुनिया में भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र बहुत कम हैं। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''विश्व में ऐसे देश अधिक नहीं है जहां भारत से अधिक जीवंत लोकतंत्र हो। हम मताधिकार का इस्तेमाल करने और सरकार चुनने के लिए भारत के लोगों की प्रशंसा करते हैं। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। किर्बी से भारत में जारी आम चुनावों को लेकर सवाल किया गया था जिनके तहत 96 करोड़ 90 लाख से अधिक लोग 2,660 पंजीकृत राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले हजारों उम्मीदवारों में से 545 सांसदों का चुनाव करने के लिए 10 लाख मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के विशेष रूप से पिछले तीन वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा, ''भारत के साथ हमारे संबंध बेहद करीबी हैं जो लगातार और घनिष्ठ हो रहे हैं। किर्बी ने कहा, ''यह बहुत जीवंत, बहुत सक्रिय भागीदारी है और हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के बहुत आभारी हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या राष्ट्रपति जो बाइडन का मानना है कि भारत और जापान विदेशी नागरिकों से द्वेष करने वाले देश हैं, तो उन्होंने 'ना' में जवाब दिया और कहा कि राष्ट्रपति ने जब इस संबंध में बयान दिया था तब वह एक व्यापक बिंदु पर बात रहे थे।

## वीजा पाने के लिए नकली डकैती, चार भारतीयों समेत छह लोगों पर साजिश का आरोप





**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में चार भारतीय नागरिकों सहित छह व्यक्तियों पर आरोप है कि उन्होंने शिकागो और उसके उपनगरों में सशस्त्र नकली डकैतियों की साजिश रची, ताकि कथित पीड़ित, अमेरिका में कुछ अपराध पीड़ितों के लिए आरक्षित आव्रजन वीजा के लिए आवेदन कर सकें। शिकागो की संघीय अदालत में आरोप लगाया गया कि भीखाभाई पटेल, नीलेश पटेल, रवीनाबेन पटेल और रजनी कुमार पटेल ने पार्थ नायी और केवोंग यंग के साथ मिलकर नकली डकैतियों की साजिश रची ताकि वे स्वयं को 'पीड़ित' दिखाकर 'यू' गैर प्रवासी दर्जे (यू-वीजा) के लिए आवेदन कर सकें।

यू-वीजा उन कुछ अपराधों के पीड़ितों के लिए आरक्षित रखा गया है, जिन्होंने मानसिक या शारीरिक शोषण सहा है और जांच या अभियोजन में कानून प्रवर्तन या सरकारी अधिकारियों की मदद की है। अभियोग में आरोप लगाया गया है कि चार व्यक्तियों ने इस घोटाले में भाग लेने के लिए नायी को हजारों डॉलर का भुगतान किया। अभियोग में कहा गया है कि नकली डकैती के दौरान कुछ लोग हथियार लेकर कथित पीड़ितों के पास गए और उनसे लूटपाट की।

इसमें कहा गया है कि बाद में कथित पीड़ितों ने इस बात का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए स्थानीय कानून प्रवर्तन में प्रपत्र जमा किए कि वे एक अपराध के शिकार हुए और उन्होंने जांच में सहयोग किया है एवं आगे भी करते रहेंगे। न्याय विभाग ने एक बयान में बताया कि प्रमाणीकरण के बाद कुछ कथित पीड़ितों ने डकैती के शिकार के रूप में अपनी कथित स्थिति के आधार पर अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवाओं में फर्जी यू-वीजा आवेदन जमा किए। नायी (26), यंग (31), भीखाभाई पटेल (51), नीलेश पटेल (32), रवीनाबेन पटेल (23) और रजनीकुमार पटेल (32) पर वीजा धोखाधड़ी की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

रवीनाबेन पटेल पर वीजा आवेदन में गलत बयान देने का एक अलग आरोप भी लगाया गया है। एक मीडिया विज्ञप्ति में बताया गया है कि धोखाधड़ी की साजिश के आरोप में अधिकतम पांच साल की सजा हो सकती है जबकि वीजा आवेदन में झूठे बयान देने के आरोप में 10 साल तक की सजा हो सकती है।

## हिजबुल्लाह के साथ युद्ध से बचना चाहता है इजरायल : रक्षा मंत्री



**यरुशलम, एजेंसी।** इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा है कि उनका देश लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह के साथ युद्ध से बचना चाहता है। लेबनान के साथ इजरायल की उत्तरी सीमा के पास सैनिकों के साथ बात करते हुए गैलेंट ने कहा कि इजरायल उत्तरी क्षेत्र के निवासियों को अपने घरों में सुरक्षित लौटाएगा और ऐसा करने के लिए हर अवसर की तलाश कर रहा है। हम जानते हैं कि युद्ध की कीमत सभी को चुकानी पड़ती है।

उन्होंने कहा, युद्ध का एक लंबा दौर लेबनान और हिजबुल्लाह के लिए विनाशकारी होगा, लेकिन हमें इसकी कीमत चुकानी होगी और हम इससे बचना चाहेंगे। गैलेंट ने कहा कि कुछ भी हो सकता है, और हमें इसके लिए तैयार रहना चाहिए। अगर हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि हमें कार्रवाई करने की आवश्यकता है, तो हम ऐसा केवल इसलिए करेंगे क्योंकि हमें अपने नागरिकों की रक्षा करनी है। इससे पहले शुक्रवार को इजरायली सेना ने कहा था कि उसने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के वायु रक्षा बुनियादी ढांचे, लॉन्चरों और संरचनाओं पर हमला किया है। लेबनान की रिपोर्टों के अनुसार, इजरायली हमलों में समूह का एक स्थानीय नेता मारा गया। वहीं, हिजबुल्लाह के हमले शुक्रवार को भी जारी रहे, उत्तरी इजरायल में दर्जनों रॉकेट और ड्रोन लॉन्च किए गए। हाल के दिनों में हिज्बुल्लाह और इजरायली सेना के बीच गोलीबारी तेज हो गई है। हिजबुल्लाह ने इजरायल के खिलाफ नए प्रकार के रॉकेट तैनात किए हैं और अक्टूबर के बाद से इजरायली क्षेत्र में ड्रोन हमला किया है।

## हॉन्गकॉन्ग-सिंगापुर के बाद अब नेपाल ने भी भारतीय मसालों की ब्रिकी पर लगाया प्रतिबंध

**काठमांडू, एजेंसी।** भारत के दिग्गज मसाला ब्रांड्स पर आई आफत दिन प्रति दिन बढ़ती ही जा रही है। भारतीय मसालों को लेकर पिछले महीने जो विवाद शुरू हुआ था, वह अब तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग होते हुए ये विवाद अब नेपाल तक पहुंच गया है। भारत के पड़ोसी देश नेपाल ने गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के चलते भारतीय ब्रांडों द्वारा निर्मित कुछ मसालों की बिक्री और आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग ने 100 से ज्यादा पुरानी भारतीय मसाल कंपनी एवरेस्ट और एमडीएच के आयात, उपभोग और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके अलावा एथिलीन ऑक्साइड के मात्रा की भी जांच शुरू कर दी है। बता दें कि एमडीएच और एवरेस्ट के चार उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड की अधिक मात्रा का हवाला देते हुए प्रतिबंध लगा गया है। जिन मसालों पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें- मद्रास करी पाउडर, सांभर मिक्स मसाला पाउडर, एमडीएच का मिक्स्ड मसाला करी पाउडर और एवरेस्ट का फिश करी मसाला शामिल है।

नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के अधिकारी ने कहा, हमारा ध्यान मीडिया में आई उन खबरों की ओर गया है, जिनमें कहा गया कि ये घटिया उत्पाद बाजार में बेचे जा रहे हैं और ये उपभोग के लिहाज से नुकसानदेह हैं। इन चार उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड की अधिक मात्रा पाई गई है। इसलिए देश के भीतर इन उत्पादों के आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। खाद्य गुणवत्ता नियंत्रण नियामक ने आयातकों और व्यापारियों से इन उत्पादों को बाजार से वापस लेने का भी आग्रह किया है। गौरतलब है, पिछले महीने हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर ने कुछ मसालों पर बैन लगा दिया था। फेडरेशन ऑफ इंडियन स्पाइस स्टेकहोल्डर्स (एफआईएसएस) ने शुक्रवार को कहा कि अगर निर्यात के लिए मसालों में एथिलीन ऑक्साइड संदूषण के मुद्दे को जल्द से जल्द हल नहीं किया जाता है तो वित्त वर्ष 2025 में भारत का मसाला निर्यात लगभग 40 प्रतिशत घट सकता है। भारतीय मसाला बोर्ड के अनुसार, भारत दुनिया के प्रमुख मसाला उत्पादकों में से एक है, जो 2021-22 में लगभग 180 देशों को चार अरब डॉलर मूल्य के 200 से अधिक मसालों और मूल्य वर्धित उत्पादों का निर्यात करता है। मसाला विवाद के बीच भारतीय मसाला बोर्ड ने इन क्षेत्रों में भारतीय मसाला एक्सपोर्ट की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं। बोर्ड ने टेक्नो-वैज्ञानिक समिति की सिफारिशों को लागू किया है, जिसने मेन कारण जानने की कोशिश की और इसके प्रोसेसिंग फेसिलिटी का भी निरीक्षण किया। टेस्टिंग के लिए सेंपल्स सर्टिफाइड लैब में भेजे गए हैं। भारतीय मसाला बोर्ड ने 130 से ज्यादा निर्यातकों और संघों, जैसे कि अखिल भारतीय मसाला निर्यातक मंच और भारतीय मसाला और खाद्य पदार्थ निर्यातक संघ, को शामिल करते हुए एक स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन का भी आयोजन किया। बोर्ड ने सभी निर्यातकों को ईटीओ ट्रीटमेंट के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। मसाला बोर्ड ने भारत से निर्यात होने वाले मसालों में ईटीओ कॉन्टेमिनेशन को रोकने के लिए ये कदम उठाया है। बता दें कि अप्रैल महीने में हॉन्गकॉन्ग ने भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला प्रोडक्ट को बैन कर दिया था। इसकी वजह उन्होंने कैंसर पैदा करने वाले केमिकल एथिलीन ऑक्साइड पाया जाना बताई थी।




## जेलेंस्की ने कुछ सजायाफ्ता अपराधियों को सशस्त्र बलों में शामिल करने की अनुमति वाले कानून पर किए हस्ताक्षर



**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अदालत द्वारा दोषी करार दिये जा चुके कुछ सजायाफ्ता अपराधियों को देश के सशस्त्र बलों में शामिल होने की अनुमति देने वाले कानून पर हस्ताक्षर किए हैं। संसद प्रेस सेवा ने इसकी जानकारी दी।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को हस्ताक्षरित कानून कुछ श्रेणियों के दोषियों को मार्शल लॉ के दौरान एक अनुबंध के तहत सैन्य सेवा के लिए भर्ती करने की अनुमति देता है। इस कानून 8 मई को संसद ने पारित किया था। बदले में, दोषियों को उनकी सजा के दौरान पैरोल का मौका मिलेगा। नया कानून उन कैदियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ अपराध, दो या दो से अधिक व्यक्तियों की जानबूझकर हत्या और अन्य गंभीर अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, पिछले सप्ताह न्याय मंत्री डेनिस मालिउस्का ने कहा था कि इस कानून के बाद यूक्रेन की सेना में 10 हजार से 20 हजार दोषियों को भर्ती किया जा सकेगा। सैन्य लामबंदी नियमों को कड़ा करने वाला एक कानून, जिसका उद्देश्य देश के सशस्त्र बलों के लिए और अधिक सैनिकों की भर्ती करना है, शनिवार को देश में प्रभावी होगा।

## पाकिस्तान ने उद्यमियों के समर्थन के लिए भारत सरकार को सराहा

**लाहौर।** पाकिस्तान ने भारत की सराहना करते हुए कहा है कि उसकी प्रगति का एक मुख्य कारण यह है कि वह अपने व्यापारियों का समर्थन करता है, जबकि पाकिस्तान में यदि कोई व्यापारी प्रगति करता है तो उसे चोर करार दिया जाता है। यह बात के पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भारत उद्यमियों का समर्थन करते हुए की। उन्होंने कहा कि भारत में कारोबारियों को सम्मान दिया जाता है। मोहसिन नकवी दुबई लीक्स के बारे में पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह बात कही। जिसमें बड़ी संख्या में लीक हुए संपत्ति का डाटा सामने आया है। इसमें 2022 तक 17,000 पाकिस्तानी नागरिकों से संबंधित 23,000 से अधिक संपत्तियों की सूची शामिल हैं। संगठित अपराध और भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग परियोजना द्वारा एकत्र आंकड़ों के अनुसार, दुबई लीक्स में नकवी की पत्नी को दुबई में एक मूल्यवान संपत्ति के मालिक के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

## एक नजर

### उत्तराखंड स्थित विश्व धरोहर फूलों की घाटी नन्द कानन वन एक जून से खुलेगा

**चमोली,एजेंसी।** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी ट्रेक पहली जून से पर्यटकों के लिए खोल दी जाएगी। यह ट्रेक अपने फूलों के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यह घाटी दुर्लभ हिमालयी वनस्पतियों से समृद्ध है और जैव विविधता का अनुपम खजाना है। यहां 500 से अधिक प्रजाति के रंग बिरंगी फूल खिलते है। प्रकृति प्रेमियों के लिए फूलों की घाटी से टिपरा ग्लेशियर, रताबन चोटी, गौरी और नीलगिरी पर्वत के बिहंगम नजारे भी देखने को मिलते है। फूलों की घाटी 30 अक्टूबर तक पर्यटकों के लिए खुली रहेगी। उप वन संरक्षक, बीबी मर्तोलिया ने 'यूनीवार्ता' को बताया कि फूलों की घाटी के लिए पर्यटकों का पहला दल पहली जून को घांघरिया बेस कैंप से रवाना किया जाएगा। पर्यटकों को फूलों की घाटी का ट्रैक करने के बाद उसी दिन बेस कैंप घांघरिया वापस आना होगा। जहां उनके ठहरने की समुचित व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि वैली ऑफ फ्लावर ट्रैकिंग के लिए देशी नागरिकों को 200 रुपये तथा विदेशी नागरिकों के लिए 800 रुपये ईको ट्रेक शुल्क निर्धारित किया गया है। ट्रैक को सुगम और सुविधाजनक बनाया गया है। फूलों की घाटी के लिए बेस कैंप घांघरिया से टूरिस्ट गाइड की सुविधा भी रहेगी। उल्लेखनीय है कि यूनेस्को ने हिमालय के उत्तराखंड मे स्थित फूलों की घाटी को विश्व धरोहर घोषित किया था। यूरोपियन लेखक और प्रकृति के यायावर फ्रेंक स्माइथ ने 'वेली आफ फ्लावर' के शीर्षक से भारत के हिमालय में स्थित फूलों के अदभुत संसार पर एक पुस्तक लिखी। जिसके बाद दुनिया की नजर फूलों की पर गया। शास्त्रों और मान्यताओं के अनुसार, यही वह प्राकृतिक सौंदर्य तथा फूलों एवं वनाषौधियों का क्षेत्र है, जिसे नन्द कानन वन कहा जाता है। बदरीनाथ के पूर्व धर्माधिकारी भुवन उनियाल बताते हैं कि इस नन्द कानन वन में देवता निवास करते हैं।

### आम आदमी पार्टी मां बहन और बेटियों का करती है अपमानः शिवराज

**दिल्ली/भोपाल,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) मां बहन और बेटियों का केवल अपमान करने का काम करती है। श्री चौहान ने दिल्ली की तीन लोकसभा सीटों पर चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी केवल मां-बहन बेटियों को अपमानित करने का काम करती है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी अहंकारी आदमी पार्टी बन गई है। श्री केजरीवाल अहंकार से भरे व्यक्ति हैं। श्री केजरीवाल को ये जवाब तो देना चाहिए कि, अगर कोई महिला जो उन्हीं की पार्टी की राज्यसभा सदस्य हैं, आप अहंकार में उनसे ही बात करने से इंकार कर देते हैं। आपके लोग एक बेटी के साथ, एक बहन के साथ दुर्व्यवहार करते हैं ये आश्चर्यचकित कर देने वाली घटना है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्व्यवहार भी केवल शब्दों में नहीं बल्कि पिटाई जैसी चीजें भी होती है। आप अपनी राज्यसभा सदस्य को न्याय देने के बजाय, दुर्व्यवहार करने वाले को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। महिला का अपमान भारतीय संस्कृति और संस्कारों में नहीं है। श्री केजरीवाल को याद रखना चाहिए कि यह वो भारत है यहां एक द्रोपदी का अपमान हुआ था तो महाभारत हो गई थी और दुर्व्यवहार करने वालों का वंश सहित विनाश हो गया था। ना आप बचेंगे और ना ही आपकी पार्टी बचेगी। श्री चौहान ने कांग्रेस और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि श्रीमती सोनिया गांधी अधेड़ उम्र के श्री गांधी को रायबरेली की जनता को सौंप रही हैं। कांग्रेस आज वोट देने के लायक नहीं बची है, लेकिन श्रीमती गांधी रायबरेली की जनता से कहती है कि वे अपना बेटा सौंप रही हैं। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि श्रीमती सोनिया गांधी को ही राहुल पर भरोसा नहीं है कि वो रायबरेली सीट से जीत हासिल करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री तो तय है कि श्री नरेन्द्र मोदी हैं और रहेंगे लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले बताएं कि, उनका प्रधानमंत्री कौन है। कभी कहते हैं कि बारी-बारी से एक-एक साल बन जाएंगे। कभी कहते हैं कि बाद में तय करेंगे। उन्होंने कहा कि हम बाजार में मटका भी खरीदने जाते हैं तो देखकर लेते हैं कि कहीं से फूटा तो नहीं है। सब्जियां लेने जाते हैं तो देखते हैं कि खराब तो नहीं है। जब हम मटका और सब्जियां भी देखकर लेते हैं तो प्रधानमंत्री भी देख भाल कर ही चुनेंगे।

# मोदी ने हमेशा देश को पहले नंबर पर रखा, लेकिन कांग्रेस ने परिवार को रखाः यादव



**नई दिल्ली/भोपाल,एजेंसी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा देश को पहले नंबर पर रखा, लेकिन कांग्रेस ने परिवार को पहले नंबर पर रखा है। डॉ यादव ने दिल्ली में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा से देश को पहले नंबर पर रखा। उन्होंने देश की खातिर अपना पूरा जीवन लगा दिया। खुद के पास अपना कुछ नहीं है, लेकिन उन्होंने देशवासियों के लिए सब कुछ किया। हर वर्ग, हर क्षेत्र का विकास किया। एक तरफ प्रधानमंत्री ने देश को नंबर एक पर रखा तो वहीं कांग्रेस ने हमेशा से सिर्फ एक परिवार को ही नंबर एक पर रखा। इनकी पांच-पांच पीढ़ियां प्रधानमंत्री बनती रहीं, लेकिन इन्होंने कभी भी देश की चिंता नहीं की। सिर्फ अपने परिवार की चिंता ही इन्हें रहती है।


मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार भी परिवार की चिंता की खातिर जनता को बरगलाकर वोट लेना चाहते हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी रायबरेली में कह रही हैं कि उन्होंने राहुल गांधी को वहां की जनता को सुपुर्द कर दिया है, लेकिन सेवा और सुपुर्द करने में बड़ा अंतर होता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी देश की सेवा कर रहे हैं। डॉ यादव ने कहा कि दिल्ली वैसे तो दिलवालों की है, लेकिन यह झूठेलों के हाथों में है। आम आदमी पार्टी और उनके नेता श्री अरविंद केजरीवाल तो झूठ के विश्व रिकार्ड बना रहे हैं। जब दिल्ली वालों ने उन्हें सत्ता सौंपी थी तो उनको झूठ बोला था। ऑटो में बैठकर आफिस गए, बंगला नहीं लिया, लेकिन यह सब झूठ अब सामने आ चुका है। किस तरह से आम आदमी पार्टी और श्री केजरीवाल ने दिल्ली वालों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। किस तरह से उन्होंने कुर्सी की खातिर अन्ना हजारे के आंदोलन में शामिल होकर दिल्लीवासियों के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने अन्ना हजारे को भी ठगा है। यह दिल्ली है, जो अब कभी भी श्री केजरीवाल को माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विरोधियों को आईना दिखाने का काम किया है। उन्होंने करके दिखाया है कि किस तरह से देश का विकास होता है, कैसे देश का मान-सम्मान बढ़ा है। अब ये सारे घमंडिया गठबंधन के लोग उन्हें जी भरकर अपशब्द कह रहे हैं। देश की आजादी के बाद राजा, महाराजाओं ने भी अपनी-अपनी सत्ता छोड़ दी। वे भी चाहते थे कि जनता का शासन, जनता द्वारा ही चले, लेकिन एक परिवार ने उस समय भी कुर्सी का मोह नहीं छोड़ा। सरदार वल्लभ भाई पटेल को प्रधानमंत्री बनाने की चर्चा चली तो उन्हें नहीं बनने दिया। जवाहरलाल नेहरू बन गए और तब से लेकर अब तक नहीं पांच पीढ़ियां प्रधानमंत्री बनीं।

# नई शिक्षा नीति से विद्यार्थियों का होगा सर्वांगीण विकास-भजनलाल

**पाली,एजेंसी।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली है और यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं कौशल उन्नयन और रोजगार के लिए उन्हें तैयार करेगी। श्री शर्मा शनिवार को पाली के तखतगढ़ में रायगांधी आदर्श विद्या मंदिर के नवीन भवन के लोकार्पण कार्यक्रम एवं भामाशाह सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से विद्यार्थियों के साथ संवाद कर उन्हें प्रेरणादायी परामर्श देते हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार अल्प आय वर्ग, लघु/सीमांत एवं बटाईदार किसानों और खेतिहर श्रमिकों के परिवार के छात्रा-छात्राओं को केजी से पीजी तक नि:शुल्क शिक्षा दे रही है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के विद्यार्थियों को स्कूल बैग, किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने के लिए कक्षा एक से आठवीं तक के समस्त विद्यार्थियों और कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं को प्रति विद्यार्थी एक हजार रुपये की सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक संभाग में आईआईटी की तर्ज पर राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और एम्स की तर्ज पर राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस स्थापित किए जा रहे हैं। साथ ही हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज शुरू किया जा रहा है। अटल इनोवेशन स्टूडियो एंड एक्सीलरेटर एक हजार करोड़ रुपए की लागत से प्रारंभ कर रहे हैं। इससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस जैसे विज्ञान और तकनीक के नए उभरते हुए क्षेत्रों के लिए विद्यार्थी खुद को तैयार कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के मामलों की जांच के लिए हमने एसआईटी गठित की और उसके नतीजे आप सभी के सामने हैं। श्री शर्मा ने अभिभावकों से बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाने और उसे प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को सिखाने के लिए कहा। उन्होंने कहा इस विद्यालय में शिक्षा के लिए नवीन भवन का निर्माण एवं जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भामाशाह मणिलाल रायगांधी और नरेन्द्र कुमार रायगांधी ने प्रशंसनीय कार्य किया है।

# कंपनियों के तिमाही नतीजे पर रहेगी बाजार की नजर



**मुंबई,एजेंसी।** अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती करने की उम्मीद एक बार फिर बढ़ने की बदौलत बीते सप्ताह करीब दो प्रतिशत उछले घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह दिग्गज कंपनियों के तिमाही नतीजे और लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान प्रतिशत पर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1252.56 अंक अर्थात 1.7 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 73917.03 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 410.9 अंक यानी 1.9 प्रतिशत उछलकर 22466.10 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 1813.35 अंक अर्थात 4.42 प्रतिशत मजबूत होकर सप्ताहांत पर 42841.10 अंक और स्मॉलकैप 2194.68 अंक यानी 4.6 प्रतिशत की तेजी के साथ 47591.67 अंक हो गया। विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह एनटीपीसी, ओएनजीसी, ओआईएल, सेल, आईटीसी, बीईएल, भेल, हुडको, सुजलॉन, इंडिया सीमेंट, इरकॉन, बीसीसीएल, इक्रा, इंडिगो और अपोलो समेत कई दिग्गज कंपनियों के 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के परिणाम जारी होने वाले हैं। अगले सप्ताह कंपनियों के नतीजों पर बाजार की नजर रहेगी। साथ ही 20 मई 2024 को लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान होने वाला। पिछले चार चरण के चुनाव में वर्ष 2019 के आम चुनाव के मुकाबले मतदान प्रतिशत घट गया है। इसलिए पांचवें चरण के मतदान प्रतिशत का बाजार पर असर रहेगा। इनके अलावा अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती को लेकर रुख, विदेशी संस्थागत निवेशकों का निवेश प्रवाह, डॉलर इंडेक्स और कच्चे तेल की कीमतों की भी अगले सप्ताह बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। बीते सप्ताह बाजार में बुधवार की गिरावट को छोड़कर शेष चार दिन तेजी रही। विश्व बाजार के मिलेजुले रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, कैपिटल गुड्स, रियल्टी और सर्विसेज समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 111.66 अंक की तेजी के साथ 72,776.13 अंक और निफ्टी 48.85 अंक की बढ़त लेकर 22,104.05 अंक पर बंद हुआ।

# इस चुनाव में एक धारा राम भक्तों की, दूसरी राम द्रोहियों की-योगी

**प्रयागराज,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस चुनाव में दो धाराएं स्पष्ट हो चुकी हैं। एक धारा रामभक्तों, राष्ट्र भक्तों, विकास की है तो दूसरी धारा, राम द्रोहियों, भारत विरोधियों, गरीब कल्याण विरोधियों की है जो आतंकवाद को पनपने देते हैं और देश के साथ गद्दारी करते हैं। मुख्यमंत्री ने फूलपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी प्रवीण पटेल के समर्थन में रविवार को बहरिया के सिकंदरा रउजा गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, जब भी कांग्रेस और सपा का गठबंधन होता है, जब भी दो लड़कों की जोड़ी मिलती है, कोई ना कोई अनर्थ करने के लिए मिलती है। उन्होंने कहा, जब सपा प्रदेश में और कांग्रेस केंद्र में सरकार में थी, तब अयोध्या में राम जन्मभूमि पर, काशी में संकट मोचन मंदिर पर आतंकी हमला हुआ था। अखिलेश एक और राम भक्तों पर गोली चलाने का समर्थन करते हैं, दूसरी तरफ आंतकियों पर दायर मुकदमों को भी वापस लेते हैं। फूलपुर के पड़िला महादेव में इंडी गठबंधन की संयुक्त रैली में भाषण दिए बगैर अखिलेश यादव और राहुल गांधी के वापस जाने पर तंज कसते हुए श्री योगी ने कहा, दो लड़कों की जोड़ी यहां से बैरंग लौटी है। यह जोड़ी यहां जोर आजमाइश करने आई थी, लेकिन फूलपुर की जनता ने उन्हें आसमान दिखा दिया है।



गौरतलब है कि मंच पर भारी भीड़ के चढ़ने की वजह से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने सभा को संबोधित नहीं किया और वे वापस चले गए। मुख्यमंत्री ने पूर्व में प्रदेश में सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, इस पूरे प्रयागराज क्षेत्र में जिन लोगों ने वसूली के केंद्र खोले थे, गरीबों की जमीनों पर कब्जा कर रहे थे, बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए जो खतरा बने हुए थे, वे अब मिट्टी में मिल गए हैं, स्वाहा हो गए हैं। उन्होंने कहा, इससे प्रदेश खुश है, देश खुश हैं, लेकिन समाजवादी पार्टी के यहां मातम है। उनको आपकी और प्रदेश की चिंता नहीं थी बल्कि अपनी राजनीति की चिंता थी। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोग देश की कीमत पर राजनीति करना चाहते हैं। श्री योगी ने कहा कि आज दुनिया को नेतृत्व देने का सामर्थ्य भारत में है। भारत सुरक्षित है और आतंकवाद एवं नक्सलवाद की समस्या का समाधान कर चुका है। विकास के बड़े बड़े कार्य हो रहे हैं। पहले गरीबों की कल्याणकारी योजनाएं ये माफिया डकार जाते थे। गरीब को राशन नहीं मिलता था, गरीब भूख से मरता था। गरीब का मकान समाजवादी पार्टी के गुंडे हड़प जाते थे। मुख्यमंत्री ने केंद्र की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आज 80 करोड़ लोगों को नि:शुल्क राशन, 60 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, 50 करोड़ लोगों के जनधन खाते और 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि, 12 करोड़ गरीबों के घरों में शौचालय पहुंच गया है। चार करोड़ गरीबों के मकान बन गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा है कि 70 वर्ष से ऊपर का जो भी बुजुर्ग होगा, उसे हर वर्ष पांच लाख रुपये तक का उपचार नि:शुल्क कराने के लिए कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। श्री योगी ने कहा, कांग्रेस और सपा का गठबंधन खतरनाक मंसूबे के साथ आया है। इनका घोषणा पत्र कहता है कि इनके भीतर औरंगजेब की आत्मा समा चुकी है। ये जजिया कर लगाना चाहते हैं। आज वरासत टैक्स की घोषणा करके कांग्रेस ने साबित कर दिया है कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस औरंगजेब की आत्मा को पुनर्जीवित करके हिंदुओं को तबाह करना चाहती हैं। भाजपा इन लोगों के मनसूबे कामयाब नहीं होने देगी।

# उत्तर प्रदेश के महोबा में लगेगी 80 फुट ऊंची गोरखनाथ की मूर्ति

**जयपुर,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के महोबा में बैठक मुद्रा में देश की सबसे ऊंची गुरु गोरखनाथ की मेटल से निर्मित 80 फुट ऊंची मूर्ति लगाई जायेगी। विश्व विख्यात मूर्तिकार राजकुमार पंडित राजस्थान की राजधानी जयपुर में इसका निर्माण कर रहे हैं। श्री राजकुमार पंडित ने बताया कि मेटल से निर्मित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 25 फुट ऊंची प्रतिमा लखनऊ के लोकभवन में लगाने के बाद अब उन्हें उत्तरप्रदेश सरकार से एक और बड़ा ऑर्डर मिला है और अब वह महोबा में एक पहाड़ी की सबसे ऊंची चोटी पर गुरू गोरखनाथ की बैठक मुद्रा की मूर्ति लगाएंगे।



उन्होंने बताया कि करीब 12 करोड़ रुपए की लागत से गुरु गोरखनाथ की बनने वाली इस मूर्ति का निर्माण कॉपर, लैड, जिंक एवं टिन के मिश्रण से किया जा रहा है। इसका वजन लगभग 70 टन होगा। उन्होंने बताया कि आकेड़ा डूंगर, जयपुर में स्थित उनकी वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी में इस मूर्ति का निर्माण शुरु कर दिया गया है और करीब चार महीने में मूर्ति बनकर तैयार हो जायेगी। उन्होंने बताया कि तपस्या मुद्रा में बैठे गुरु गोरखनाथ और उनके आसपास बैठी गौमाता की मूर्तियां तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि मूर्ति के निर्माण में करीब 85 प्रतिशत कॉपर का इस्तेमाल होगा। इस कार्य के लिए 40 लोगों की टीम मूर्तिकार गणेश के दिशा-निर्देशन में दिन-रात काम कर रही है। श्री राजकुमार पंडित ने बताया कि गुरू गोरखनाथ की बैठक मुद्रा में देश की सबसे ऊंची मूर्ति होगी। यह कार्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देखरेख में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जितना चुनौतीपूर्ण कार्य इस मूर्ति के निर्माण का है उससे कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण उसे पहाड़ी पर स्थापित करना होगा क्योंकि जिस लोकेशन पर मूर्ति लगाई जानी है वहां पैदल जाने का रास्ता भी नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार मूर्ति के फाउंडेशन को लेकर योजना बना रही है। वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी में बनाई जा रही गुरू गोरखनाथ की मूर्ति के अलावा उतरप्रदेश के कई अन्य शहरों के लिए भी यहां मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। फांउडरी की प्रोपराइटर अंजली देवी पंडित ने बताया कि अगले तीन महीने में उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में घोड़े पर सवार रानी लक्ष्मीबाई, फतेहपुर सिकरी में महाराजा सूरजमल एवं चित्रकूट जिले में रामायण लिखते हुए गोस्वामी तुलसीदास की प्रत्येक साढ़े 12 फुट की मूर्तियां लगाई जा जाएंगी। इन तीनों मूर्तियों के निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि हाल में उतराखंड के जागेश्वर धाम में विशाल घंटी लगाई है। उन्होंने बताया कि चार मूर्तिकारों की टीम ने करीब ढाई फुट ऊंची एवं 130 किलो वजनी इस सिंगल पीस घंटी का निर्माण दो महीनों में पूरा किया। इसके अलावा वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी में 15 देशों के लिए मूर्तियां तैयार की जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि श्री राजकुमार पंडित राष्टपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, वसुंधराराजे सिंधिया, राज्यपाल कलराज मिश्र सहित अनेक विभागों एवं संस्थाओं से सम्मानित हो चुके है।

# झारखंड में अभी तक 121 करोड़ 91 लाख की हो चुकी है अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती : के. रवि कुमार

**रांची,एजेंसी।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि पांचवें चरण के मतदान की तैयारी पूरी हो चुकी है। श्री कुमार ने यहां रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में संवाददाता सम्मेलन में कहा किस भी बूथ व्यवस्थित किये जा चुके हैं। मतदानकर्मी मतदान केंद्रों पर पहुंच चुके हैं। मतदाताओं को सुविधाजनक ढंग से मतदान केंद्र जाकर मतदान कराने के लिए तमाम उपाय किये गए हैं। इस फेज में तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़े सात जिले समाहित हैं। यहां कुल 58,34,618 मतदाता हैं। इनमें 29,99,233 पुरुष और 28,35,329 महिला मतदाता हैं। कुल बूथों की संख्या 6705 है। इनमें से 575 बूथ शहरी क्षेत्र में और 6130 बूथ ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 73 बूथ महिलाओं, 13 बूथ दिव्यांगों और 13 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं 36 यूनिक बूथ हैं, जो उस क्षेत्र की पहचान से जुड़े होंगे।



उन्होंने बताया कि पांचवें चरण में चतरा, हजारीबाग और कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सोमवार को मतदान होना है। मतदान सुबह सात बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। जिस बूथ पर शाम पांच बजे तक मतदाता कतार में होंगे, उनके मतदान तक मतदान प्रक्रिया जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि चतरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 16,89,926 मतदाता हैं। जिनमें 8,61,959 पुरुष और 8,27,965 महिला मतदाता हैं। चतरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1899 बूथ हैं। उनमें 112 शहरी क्षेत्र में और 1787 ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 16 बूथ महिलाओं, 4 बूथ दिव्यांगों और 3 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 5 यूनिक बूथ हैं। उन्होंने बताया कि कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 22,05,318 मतदाता हैं। जिनमें 11,40,049 पुरुष और 10,65,246 महिला मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2552 बूथ हैं। उनमें 136 शहरी क्षेत्र में और 2416 ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 23 बूथ महिलाओं, 1 बूथ दिव्यांगों और 4 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 20 यूनिक बूथ हैं।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 19,39,374 मतदाता हैं। जिनमें 9,97,225 पुरुष और 9,42,118 महिला मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2254 बूथ हैं। उनमें 327 शहरी क्षेत्र में और 1927 ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 34 बूथ महिलाओं, 8 बूथ दिव्यांगों और 6 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 11 यूनिक बूथ हैं।

मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी, सैफुल्लाह सिद्दिकी द्वारा आरडी प्रिंटिंग एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-08, नोएडा (यूपी), से छपवा कर एन-81, बटला हाउस, जामिया नगर पुलिस स्टेशन, जामिया नगर, नई दिल्ली-110025 से प्रकाशित किया। सर्वाधिकार सुरक्षित, किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा। (संपादक- सैफुल्लाह सिद्दिकी)